वर्ष 23, अंक 210, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार 26 अगस्त 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## कोलकाता कांड का दरिंदा उगलेगा राज!

# जेल में हो रहा संजय रॉय का पॉलीग्राफ टेस्ट, CBI टीम भी मौजूद

**नई दिल्ली**

**सीबीआई** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर की हत्या और रेप के आरोपी संजय रॉय का आज पॉलीग्राफ टेस्ट करा रही है. सीबीआई की एक टीम उस प्रेसीडेंसी जेल में विशेषज्ञों के साथ पहुंची है जहां संजय रॉय बंद है. इस मामले में सात लोगों का पॉलीग्राफ टेस्ट होना है जिसमें से शनिवार को डॉ. संदीप घोष सहित चार लोगों का पॉलीग्राफ टेस्ट हो पाया था. तकनीकी कारणों की वजह से मुख्य आरोपी संजय रॉय का टेस्ट नहीं हो पाया था.

दिल्ली के केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) से 'पॉलीग्राफ' विशेषज्ञों का एक दल कोलकाता पहुंचा है. 'पॉलीग्राफ टेस्ट' के दौरान व्यक्ति द्वारा प्रश्नों के उत्तर दिए जाते समय एक मशीन की मदद से उसकी शारीरिक प्रतिक्रियाओं को मापा जाता है और यह पता लगाया जाता है कि वह सच बोल रहा है या झूठ.

सीबीआई ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि स्थानीय पुलिस ने ट्रेनी महिला डॉक्टर से रेप और उसकी हत्या के मामले को दबाने का प्रयास किया था और जब तक केंद्रीय जांच एजेंसी ने जांच अपने हाथ में ली, तब तक अपराध स्थल (क्राइम सीन) से छेड़छाड़ की जा चुकी थी. हत्या की घटना के खिलाफ देश भर में व्यापक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं.







संजय रॉय का यू-टर्न

लेडी डॉक्टर की बलात्कार के बाद हत्या करने के आरोपी संजय रॉय ने यू टर्न ले लिया है. उसकी वकील कबीता सरकार ने कहा कि वो चाहता है कि उसका पॉलीग्राफ टेस्ट किया जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके. उसका कहना है कि वो पूरी तरह से निर्दोष है. वो इस मामले की जांच कर रही सीबीआई को हर तरह से सहयोग देने के लिए तैयार है, ताकि असली अपराधी पकड़ा जा सके।

### सीबीआई को मिले संजय रॉय के खिलाफ सबूत

**एक** सीबीआई अधिकारी ने बताया कि तकनीकी और वैज्ञानिक दोनों तरह के सबूत इस बात को पूरी तरह से साबित करते हैं कि आरोपी संजय रॉय मौका-ए-वारदात पर मौजूद था.

अस्पताल की सीसीटीवी फुटेज का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि आरोपी को 8 अगस्त को सुबह करीब 11 बजे चेस्ट मेडिसिन डिपार्टमेंट के पास देखा गया था. इसके बाद 9 अगस्त को तड़के 4 बजे फिर से उसी इमारत में प्रवेश करते हुए देखा गया.

रिपोर्ट के मुताबिक, 8 और 9 अगस्त के दौरान संजय रॉय अलग-अलग बहानों से कुल चार बार आरजी कर अस्पताल के अंदर गया था. इनमें हुए बड़े खुलासे से तीन बार तो वो अस्पताल के अंदर घूम फिर कर, राउंड लगा कर बाहर निकल आया. लेकिन चौथी और आखिरी बार जब वो अस्पताल से बाहर निकला, तब तक उसके हाथों ट्रेनी डॉक्टर का रेप और कत्ल हो चुका था।

# 10 साल बाद नौकरी छोड़ी तो हर महीने मिलेंगे 10 हजार

**नई दिल्ली**

केंद्र ने एक समिति का गठन किया जिसने आरबीआई और विश्व बैंक सहित कई शीर्ष संगठनों के साथ 100 बैठकें कीं। कमेटी की अनुशंसा के आधार पर शनिवार को कैबिनेट बैठक में यूपीएस को मंजूरी दे दी गयी।

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली कैबिनेट ने 24 अगस्त को सरकारी कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को मंजूरी दे दी। इस कदम का उद्देश्य सुनिश्चित पेंशन, पारिवारिक पेंशन और सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन प्रदान करना है।



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया ब्रीफिंग के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र ने एक समिति का गठन किया जिसने आरबीआई और विश्व बैंक सहित कई शीर्ष संगठनों के साथ 100 बैठकें कीं।

### मुझे एक बार मौका दें, फिर दिखाता हूं, महाराष्ट्र की कानून व्यवस्था को लेकर राज ठाकरे ने कह दी बड़ी बात

**मुबई**

**महाराष्ट्र** में महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं. राज ठाकरे ने नागपुर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, बलात्कार से लेकर दहेज और छेड़छाड़ तक की घटनाएं साल दर साल बढ़ रही हैं। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने शनिवार को महिलाओं के खिलाफ अपराधों की निंदा की और महाराष्ट्र में बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति पर चिंता व्यक्त की।

## 'नक्सली हिंसा लोकतंत्र के लिए बड़ी चुनौती'





**रायपुर**

**अमित** शाह ने कहा कि मैं नक्सलियों से हिंसा छोड़कर आत्मसमर्पण करने की अपील करता हूं। उन्होंने कहा कि पहले 10 वर्षों में 6617 सुरक्षाकर्मी और नागरिकों की मृत्यु हुई थी और अब इसमें 70% की कमी आई है।

गृह मंत्री अमित शाह ने रायपुर में आज कहा कि नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक हमले के लिए मजबूत रणनीति की जरूरत है। रायपुर में माओवादी खतरे को लेकर एक बैठक के बाद कहा उन्होंने कहा कि नक्सली हिंसा लोकतंत्र के लिए चुनौती है। उन्होंने कहा कि नक्सली हिंसा के कारण अब तक देश में कुल 17 हजार लोगों की जान जा चुकी है जबकि 2004-14 की तुलना में 2014-24 के दौरान नक्सली घटनाओं में 53 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने दावा किया कि हमारा मानना ??है कि हम मार्च 2026 तक देश को वाम उग्रवाद से मुक्त करा सकेंगे।

अमित शाह ने कहा कि मैं नक्सलियों से हिंसा छोड़कर आत्मसमर्पण करने की अपील करता हूं। उन्होंने कहा कि पहले 10 वर्षों में 6617 सुरक्षाकर्मी और नागरिकों की मृत्यु हुई थी और अब इसमें 70% की कमी आई है..मुझे विश्वास है कि हमारी लड़ाई अंतिम चरण में पहुंच गई है

और हम देश को मार्च 2026 तक पूरी तरह से नक्सल समस्या से मुक्त कर पाएंगे। शाह ने कहा कि नक्सल प्रभावित जिलों में भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार की सभी योजनाओं का 100% क्रियान्वयन हो, ऐसे क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की प्रगति हो और ऐसी परियोजनाओं के दौरान आने वाली चुनौतियों को दूर किया जा सके, इसके लिए यह बैठक आयोजित की गई थी।

भाजपा नेता ने कहा कि अब समय आ गया है कि वामपंथी उग्रवाद की समस्या पर एक मजबूत रणनीति के साथ अंतिम प्रहार किया जाए।

## रायपुर में NCB के जोनल कार्यालय का गृह मंत्री ने किया उद्घाटन

**रायपुर। केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के जोनल कार्यालय का उद्घाटन किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि एनसीबी रायपुर का आंचलिक इकाई केंद्र केंद्रीय सचिवालय भवन, तृतीय तल, डी-विंग, सेक्टर-24, नवा रायपुर अटल नगर में स्थित है।

शाह ने नवा रायपुर के एक होटल से एनसीबी के कार्यालय का वर्चुअल उद्घाटन किया। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के परिदृश्य पर एक समीक्षा बैठक शुरू हुई।

शाह शुक्रवार से रायपुर के तीन दिवसीय दौरे पर हैं।

### कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी पर मायावती का तंज

## दोनों पार्टियों को 'दोगली सोच' वाला बताया

**लखनऊ। बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने प्रयागराज में आयोजित संविधान सम्मान सम्मेलन को लेकर कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी (सपा) पर रविवार को तंज कसते हुए उन्हें दोगली सोच वाले दल बताया और लोगों से उनके चाल और चरित्र को लेकर सजग रहने को कहा। उन्होंने साथ ही कहा कि उनकी पार्टी सपा एवं कांग्रेस जैसे दलों के साथ अब किसी भी चुनाव में कोई गठबंधन नहीं करेगी।





मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, कल (शनिवार) प्रयागराज में संविधान सम्मान समारोह करने वाली कांग्रेस पार्टी को बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर के अनुयायी कभी माफ नहीं करेंगे। कांग्रेस ने संविधान के मुख्य निमार्ता बाबा साहेब को उनके जीते-जी एवं उनके देहांत के बाद भी भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित नहीं किया।

मायावती ने कहा, ह्यह्यबाबा साहेब के अभियान को गति देने वाले मान्यवर श्री कांशीराम का देहांत होने पर भी इसी कांग्रेस ने केंद्र में अपनी सरकार के रहते उनके सम्मान में एक दिन का भी राष्ट्रीय शोक घोषित नहीं किया और न ही तत्कालीन सपा सरकार ने राजकीय शोक घोषित किया।

### आलोचनाओं पर भारत की दो टूक

## रूस से तेल खरीद ने अंतरराष्ट्रीय कीमतों को स्थिर रखा...

**नई दिल्ली: यूक्रेन** के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने भारत के रूस से तेल खरीदने पर सवाल उठाए हैं। जेलेंस्की ने कहा कि भारत को रूस से तेल खरीदना बंद कर देना चाहिए क्योंकि इससे रूस को युद्ध के लिए पैसे मिलते हैं। उन्होंने कहा कि अगर भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर दे तो पुतिन को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। जेलेंस्की ने ये बातें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद कहीं। मोदी यूक्रेन की यात्रा पर थे। इस दौरान उन्होंने जेलेंस्की से मुलाकात की और यूक्रेन को भारत की तरफ से मदद का भरोसा दिया।

जेलेस्की ने भारत से की ये अपील

जेलेंस्की ने कहा कि भारत दुनिया में एक बड़ी



ताकत है और वह रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत को पुतिन को रोकने और उनकी अर्थव्यवस्था को पंगु बनाने में मदद करनी चाहिए। जेलेंस्की ने कहा, 'आप व्लादिमीर पुतिन को रोक सकते हैं और उनकी अर्थव्यवस्था को पंगु बना सकते हैं और उन्हें उनकी औकात दिखा सकते हैं।' जेलेंस्की ने आगे कहा कि भारत की भूमिका बहुत है अगर आप तेल का आयात बंद कर देंगे, तो पुतिन के सामने बहुत बड़ी चुनौतियां होंगी..."

भारत ने यूक्रेन को रूस से अपने व्यापारिक संबंधों के बारे में बताया

जेलेंस्की की प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मीडिया को बताया कि भारत ने रूस के साथ अपने तेल व्यापार के बारे में यूक्रेन को बताया है। जयशंकर ने कहा कि हमने यूक्रेनी पक्ष को यह समझाने की कोशिश की कि ऊर्जा बाजार का परिदृश्य क्या है, यह तथ्य कि आज कई ऊर्जा उत्पादक प्रतिबंधित हैं, जिससे बाजार संभावित रूप से बहुत तंग हो गया है और वास्तव में आज एक मजबूरी क्यों है, वास्तव में सिर्फ एक मजबूरी नहीं है, मेरा मतलब है कि यह पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था के हित में क्यों है ।

## संविधान पर फिर फंसी बीजेपी, राहुल ने उठा दिए बड़े सवाल

**प्रयागराज। संविधान** को बचाने की लड़ाई कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के साथ ही शुरू कर दी थी और ये लड़ाई चुनाव के बाद भी जारी हैं। इलाहाबाद में आज कांग्रेस ने संविधान सम्मान सम्मेलन आयोजन किया जिसमें कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बीजेपी पर तीखा हमला किया।

लोकसभा चुनाव के प्रचार में राहुल गांधी अपनी हर रैली में संविधान की किताब लेकर पहुंच रहे थे।



संविधान बचाने की लड़ाई लड़ने की बात कह रहे थे और अब संविधान की किताब फिर से राहुल गांधी के हाथ में आ गई है।

इलाहाबाद में आयोजित संविधान सम्मान सम्मेलन में राहुल गांधी संविधान की किताब लेकर पहुंचे और सीधा बीजेपी पर हमला बोल दिया राहुल ने कहा कि संविधान की सबसे ज्यादा रक्षा दलित करते हैं, किसान आदिवासी करते हैं संविधान हिंदुस्तान के गरीब लोगों का सुरक्षा कवल है। संविधान को लागू हुए 70 साल हो गए, इसका कितना असर पड़ा, ये हम सबके सामने है।

राहुल ने एक बार फिर से जाति जनगणना का मुद्दा उठाते हुए कहा कि बीजेपी कहती है।

## UP विधानसभा उपचुनाव 2024: क्या मिल्कीपुर में चुकता होगा 'अयोध्या' की हार का हिसाब?

**लखनऊ/अयोध्या: लोकसभा** चुनाव में यूपी में भाजपा का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा था, लेकिन इसमें भी सबसे बड़ी टीस फैजाबाद सीट पर हार की रही। अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद भाजपा इसके सहारे न केवल यूपी बल्कि हिंदी भाषी क्षेत्रों में दबदबा बनाना चाहती थी, लेकिन फैजाबाद ही हाथ से फिसल गया। अब इस जख्म पर मरहम लगाने का मौका मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में ढूंढ़ा जा रहा है। मिल्कीपुर से विधायक रहे अवधेश प्रसाद के फैजाबाद से सांसद बन जाने की वजह से यह सीट खाली हुई है। लिहाजा इस सीट पर चुनाव इस लिहाज से रोचक हो गया है कि क्या सपा का दबदबा बना रहेगा या भाजपा को कुछ राहत मिलेगी। इतिहास की नजरों से देखें तो मिल्कीपुर में अब तक हुए दो उपचुनावों में सपा को ही जीत मिली है, लेकिन भाजपा इस बार बिल्कुल भी रियायत के मूड में नहीं है। सपा का दबदबा खत्म करके भाजपा यहां हर हाल में कमल खिलाना चाहती है।

अवधेश प्रसाद 2022 में मिल्कीपुर से विधायक चुने गए थे। 2024 में पीडीए नीति के तहत सपा ने उन्हें फैजाबाद लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया। अवधेश ने लगातार दो बार के बीजेपी सांसद लल्लू सिंह को शिकस्त दी। अवधेश को 5,54,289 और लल्लू सिंह को 4,99,722 वोट मिले थे। इस लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाली पांच विधानसभा सीटों में से चार पर अवधेश को बढ़त मिली, जबकि लल्लू सिंह केवल एक विधानसभा सीट अयोध्या पर बढ़त हासिल कर सके। बीजेपी यह सीट हर कीमत पर जीतना चाहती है। भाजपा ऐसा उम्मीदवार उतारना चाहती है, जो सियासी समीकरण में फिट बैठे और हार का हिसाब बराबर करे।

यादव, पासी, ब्राह्मण वोटर अहम

मिल्कीपुर विधानसभा सीट के जातीय समीकरण को देखें तो सबसे ज्यादा करीब 65 हजार यादव मतदाता हैं। इसके बाद करीब 60 हजार पासी, 50 हजार ब्राह्मण, 35 हजार मुस्लिम, 25 हजार ठाकुर, गैर-पासी दलित 50 हजार, मौर्य 8 हजार, चौरासिया 15 हजार, पाल 8 हजार, वैश्य 12 हजार के करीब हैं। इसके अलावा 30 हजार अन्य जातियों के वोट हैं। मिल्कीपुर के सियासी समीकरण को देखें तो यादव, पासी और ब्राह्मण वोटर अहम भूमिका में हैं। सपा इस सीट पर यादव-मुस्लिम-पासी समीकरण के सहारे जीत दर्ज





करती रही है तो बीजेपी सवर्ण और दलित वोटों को साधकर जीतने में सफल रही है। मिल्कीपुर सुरक्षित सीट होने के बाद से दो बार सपा जीती है और एक बार बीजेपी ने कब्जा जमाया था। सपा से अवधेश प्रसाद जीतते रहे हैं तो 2017 में बीजेपी से बाबा गोरखनाथ चुने गए थे। 2022 के चुनाव में सपा के अवधेश प्रसाद को 103,905 वोट मिले थे और बीजेपी के गोरखनाथ को 90,567 वोट मिले थे।

इतिहास के आईने में मिल्कीपुर

मिल्कीपुर विधानसभा सीट 1967 में वजूद में आई थी। इसके बाद हुए चुनावों में कांग्रेस, जनसंघ और उढक् बीजेपी, बसपा और सपा यहां जीत हासिल करने में कामयाब रहीं। इस सीट पर सबसे ज्यादा सपा और लेफ्ट 4-4 बार जीतने में सफल रहे। कांग्रेस तीन बार, बीजेपी दो बार, जनसंघ और बसपा एक-एक जीते। मिल्कीपुर सीट साल 2008 के परिसीमन के बाद रउ के लिए रिजर्व हुई।

उपचुनाव की रेस में जमीन पर उतरे योगी और अखिलेश, पूर्वांचल की धरती से साधेंगे सियासी समीकरण

क्या कहता है उपचुनावों का ट्रेंड?

मिल्कीपुर से विधायक रहते हुए लोकसभा पहुंचने वाले मित्रसेन यादव पहले और अवधेश प्रसाद दूसरे नेता हैं। मिल्कीपुर में पहली बार वर्ष 1998 में विधानसभा उपचुनाव हुआ था, जब मित्रसेन यादव सपा से विधायक रहते हुए लोकसभा सदस्य बने थे। इसके बाद उपचुनाव में सपा के रामचंद्र यादव विधायक चुने गए। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी डॉ. बृजभूषण मणि त्रिपाठी को 4132 वोटों से हराया था। यहां दूसरी बार उपचुनाव 2004 में हुआ। तब सपा के तत्कालीन विधायक आनंदसेन यादव विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देकर बसपा में शामिल हो गए थे। इसके बाद उपचुनाव हुए तो सपा के रामचंद्र यादव फिर विधायक बने। उन्होंने बसपा प्रत्याशी आनंदसेन यादव को करीब 35 हजार वोटों से मात दी थी।

अवधेश दो बार बने विधायक

2012 के विधानसभा चुनाव में सपा के दिग्गज नेता अवधेश प्रसाद यादव ने मिल्कीपुर को अपनी कर्मभूमि बनाया और जीत हासिल की।

# भाजपा नेता का हाल-चाल जानने उनके आवास पहुंचे मंत्री नंदी

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी रविवार सायंकाल लगभग पौने सात बजे सहसों निवासी भाजपा गंगापार के व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक चन्द्रेश केसरवानी के आवास पर पहुंचकर उनका हाल-चाल जाना तथा उनके परिवार के सदस्यों से भी भेंट की।

इस मौके पर उपस्थित भाजपा कार्यकताओं एवं पदाधिकारी तथा व्यापारियों से भी मुलाकात की और उनका हाल-चाल लिया। इस मौके पर उपस्थित कई भाजपा कार्यकताओं की समस्याओं को सुनते हुए समाधान का आश्वासन दिया तथा कहा कि हम आपकी समस्या के समाधान के लिए सदैव तत्पर है। मंत्री नंदी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि फूलपुर उपचुनाव भारी मतों से जीतेंगे।



भाजपा नेता चन्द्रेश केसरवानी से मुलाकात के पश्चात पास में ही स्थित मधुरिमा केसरवानी के यहां भी पहुंचकर हाल-चाल लिया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल, भाजपा नेता वीरेन्द्र बहादुर सिंह, जय प्रकाश द्विवेदी, राजधर द्विवेदी, अनिल सरोज, शिव कैलाश, मनोज तिवारी, अशोक मिश्रा, सुनील सदा व्रत, अरविंद केसरवानी, अक्षय केसरवानी, आनंद केसरवानी तथा कैबिनेट मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी कुवर जी सहित भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत तिग्जा में चोरों का कहर कूड़ा घर का दरवाजा किया पार

**मेजा।** विकास खंड मेजा के ग्राम पंचायत तिग्जा में बने कूड़ा घर के स्ट्रांग रूम का दरवाजा बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा काटकर चोरी से उठा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम प्रधान विजय बहादुर सिंह पटेल ने मेजा थाने में लिखित तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। उल्लेखनीय है कि ग्राम प्रधान विजय बहादुर सिंह ने रविवार को मेजा थाने में दी गई लिखित तहरीर में इस बात का उल्लेख करते हुए लिखा है कि ग्राम पंचायत तिग्जा में उनके कार्यकाल में कूड़ा घर का निर्माण कराया गया है जिसमें एक छोटा सा स्ट्रांग रूम भी बना है। तहरीर के मुताबिक दिनांक 24 अगस्त की बीती रात कुछ अज्ञात चोरों ने कूड़ा घर में प्रवेश कर स्ट्रांग रूम का दरवाजा काटकर चोरी से उठा ले गए जिसकी जानकारी प्रधान को उस समय हुई जब वे सुबह मार्निंग वाक करने के लिए निकले हुए थे। हालाकि इस संबंध में ग्राम प्रधान ने मेजा थाने में शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग किया है।

# बच्चो में जीन्स, अनुवांशिक एवं कर्क रोग के प्रति जागरूकता जरूरी : डॉ जे के राय

अखंड भारत संदेश

**करछना।** प्रयाग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में पांच दिवसीय इंस्पायर साइंस कैम्प के पांचवे एवं अंतिम दिन प्रथम सत्र में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान के प्रोफेसर डॉ विनोद कुमार तिवारी ने कार्बनिक संश्लेषण विषय पर छात्रों को विस्तार से समझाया। डा तिवारी ने बताया कि किस तरह कार्बनिक यौगिक हमारे जीवन के लिए उपयोगी है। उन्होंने रसायनिक यौगिको का किसी व्यक्ति के विचार एवं क्रिया कलाप पर प्रभाव को भी बच्चों को समझाया। साइंस कैम्प के दूसरे सत्र में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के जीव विज्ञान के प्रोफेसर डा जगत कुमार राय ने जीन्स, अनुवांशिक एवं कर्क रोग के प्रति जागरूकता विषय पर व्याख्यान दिया। डा राय ने मनुष्यो में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से होने वाले ग्रीवा कर्क रोग के बारे में भी बताया एवं उसके रोकधाम पर भी चर्चा की।



दोनों सत्र के बाद कैम्प में आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता के टॉप के दस विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया गया एवं सभी छात्रों को कैम्प में भाग लेने के लिए सर्टिफिकेट वितरित किया गया। संस्थान के चेयरमैन श्री ज्ञान सिंह ने कहा कि डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी नई दिल्ली के सहयोग से संस्थान द्वारा साइंस कैम्प का आयोजन इसलिए किया जाता है जिससे ग्रामीण क्षेत्र के होनहार छात्रों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति जागरूक किया जा सके। संस्थान के सचिव श्री विकास सिंह ने सभी इंटर कॉलेज के प्राचार्यो, अध्यापकों सहित छात्रों को एवं प्रयाग इंस्टीट्यूट के सभी सदस्यों को इंस्पायर साइंस कैम्प को सफल बनाने हेतु धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन श्री आसमा नंद सिंह ने किया। कार्यक्रम में श्री प्रकाश सिंह, प्राचार्य राम रक्षा त्रिपाठी, रजिस्ट्रार आशीष तिवारी, महिपाल सिंह, हिंच लाल पटेल, वीरेंद्र सिंह, हिमांशु द्विवेदी, भोला पांडे, रबिंद्र सिंह, मनीष सिंह, मोमिश पांडे, अरविंद पांडे, श्वेता सक्सेना, अनिल सिंह, प्रेम चंद्र, शुभम शुक्ला , विवेक सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

## नेशनल हाईवे पर बन गयी है दरारें दे रही है दुर्घटना को निमंत्रण , स्कूटी सवार पलटा

प्रयागराज-प्रतापगढ़ राष्ट्रीय मार्ग निर्माण को हुए चार वर्ष बनने लगी दरारें



**मऊआइमा।** प्रयागराज प्रतापगढ़ हाईवे का निर्माण हुए चार वर्ष हुए होंगें।अब मार्ग पर दरारें आनी शुरू हो गई है जो दुर्घटना को दावत दे रही है। स्कूटी सवार पलटने से जख्मी। प्रयागराज प्रतापगढ़ राष्ट्रीय मार्ग का निर्माण हुए चार वर्ष गुजरें होंगें। मऊआइमा के अमानगंज के निकट राष्ट्रीय मार्ग पर दरारें बन जाने से दुर्घटना को दावत देने लगी है। बताया गया है कि तेज रफ्तार से गुजरने वाले वाहनों को खतरा उत्पन्न हो गया है। अमानगंज गांव के निकट राष्ट्रीय मार्ग पर दरारें अब गढ्डा का रूप धारण करने लगी है। लोगों को आशंका है कि यदि कोई दुर्घटना हो गई तो विभाग जागेगा। बताया गया है कि प्रयागराज की ओर से आ रहे एक स्कूटी सवार उक्त दरार में फंस कर गिर पडा जिसे चोटें आयी है।

## जन्माष्टमी के पूर्व संध्या पर मंदिरों की हो रही सजावट

**सहसों।** कृष्ण जन्माष्टमी के पूर्व संध्या पर क्षेत्र के मंदिरों में साफ सफाई एवं फूल मालाओं तथा विद्युत आधुनिक झालरों से सजावट की जा रही है। सहसों बाजार स्थित राम जानकी मंदिर सहित क्षेत्र के आदि मंदिरों को साफ सफाई के पश्चात विद्युत झालरों द्वारा आकर्षक सजावट की जा रही है। जिससे भक्तों द्वारा भगवान का जन्मोत्सव एवं प्राकट्य दिवस बड़े ही हर्षोल्लाह से उत्साह के साथ मनाया जा सके। इस अवसर पर राम जानकी मंदिर सहसों के प्रांगण में प्रदीप सिग्नेचर आर्ट इंस्टिट्यूट सहसों के द्वारा जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर भगवान श्री कृष्ण की आकर्षक झांकी की प्रस्तुति की गई। झांकी को देखकर उपस्थित दर्शक मंत्र मुक्त हो गए।

# व्रती महिलाएं छठ मां की पूजा कर पुत्र दीघार्यु की किया कामना



**सहसों।** सनातनी महिलाएं वैदिक एवं पौराणिक परंपरा के अनुसार भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की हलखष्ठी तिथि को अपने पुत्र की मंगल कामना, उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं दीघार्यु की कामना के साथ इस तिथि को व्रत रखकर छठ माता की विधि विधान से पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त करती हैं। ऐसी मान्यता है कि द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण के बड़े भाई के रूप में राजकुमार बलराम का इसी तिथि को जन्म हुआ था। तब से सनातनी महिलाएं हलखष्ठी तिथि को व्रत रखकर छठ माता की विधि विधान से धूप दीप, पूजन अर्चन करती हैं। तत्पश्चात आरती कर छठ माता की कहानी सुन सुनाकर आशीर्वाद प्राप्त करती हैं। परंतु इस वर्ष खष्ठी तिथि शनिवार को मध्यान्ह से शुरू होकर रविवार को अपराह्न तक होने के नाते सहसों सहित क्षेत्र के अन्य ग्रामीण व्रती महिलाएं 2 दिन कुछ महिलाएं शनिवार को तो कुछ महिलाएं रविवार को व्रत रखकर छठ माता की समूह में बैठकर विधि विधान से धूप दीप, नैवेद्य, पूजन अर्चन एवं आरती कर कहानी सुनकर माता का संतान के दीघार्यु के प्रति प्रार्थना कामना करती हुई आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी तरह क्षेत्र के सहसों गोल चौराहा स्थित पुराना कोल्ड स्टोर, मीरापुर, भोपतपुर, बसमहुआ, सिंगरामऊ, रामनाथ पट्टी, चकिया घरहरा सहित आदि गांव में महिलाएं व्रत रखकर छठ माता की पूजा पाठ कर पुत्र की सुरक्षा की कामना, प्रार्थना करते हुए छठ माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## ललई छठ : महिलाओं ने की पुत्र की दीघार्यु की कामना

**कौंधियारा।** पुत्र की लंबी आयु व सुख-शांति के लिए महिलाओं ने रविवार को ललई छठ का व्रत किया। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को पड़ने वाला यह व्रत के सांी अनुष्ठान महिलाएं घरों व मंदिरो में करती हैं व्रती महिलाओं ने घर के बाहर कुआं बनाकर उसमें जल भरा, कुएं में पलाश, महुआ के पत्ते व कुश आदि से सजाया। ऐसी मान्यता है कि जिस व्रती महिला की जितनी संतान होती है वह कुश में उतनी ही गांठ बांधती है और छठ मइया से पुत्र की दीघार्यु व सुख-समृद्धि का वरदान मांगती है। पूजा समाप्त होने के बाद व्रती महिलाओं ने तिनके का चावल, महुआ व दही से बना प्रसाद वितरित किया। रविवारको जारी बाजार सहित क्षेत्रो के अनेक बाग-बगीचों में महिलाएं इस व्रत का अनुष्ठान करती हुई दिखाई पड़ीं। इसके अलावा महिलाओं ने अपने घरों में भी यह व्रत किया।



# परंपरागत त्यौहारों के महत्व के प्रति नौनिहालों को जागरूक करना है कर्तव्य : अंकिता खेरा

**सेंट पीटर्स को एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम**

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** सेंट पीटर्स को एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल जनवार मेजारोड में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम स्कूल के बच्चो द्वारा केक काटकर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती अंकिता खेरा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान स्कूल के बच्चो द्वारा




सरस्वती वंदना वंदना के पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मनमोहक नाटक भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने गीत संगीत के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण के जीवन पर आधारित लीलाओं पर प्रकाश डालते हुए पिरामिड और मटकी फोड़ कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जिसकी उपस्थित लोगों ने काफी प्रसंशा किया। स्कूल के नन्हे मुन्ने नौनिहालों ने तू मेरी राधा प्यारी मै तेरा किशन कन्हैया गाने पर अति सुंदर प्रस्तुति दिया। तत्पशत बच्चों को संबोधित करते हुए श्रीमती खेरा ने कहा कि सनातन धर्म में त्योहारों के महत्व को परंपरागत कायम रखने के ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें जागरूक करना हम सभी परम कर्तव्य है। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावा समस्त स्टाफ तथा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## कोरांव में प्रायमरी स्कूलों की शिक्षा दीक्षा राम भरोसे

### प्रभावी नियंत्रण नहीं रख पा रहे खंड शिक्षा अधिकारी

**कोरांव।** इस समय कोरांव तहसील में कई सरकारी स्कूलों की शिक्षा अध्यापकों के निरंतर अनुपस्थिति,अवकाश,तथा शिक्षको की कमी आदि के कारण प्रभावित हो रही है। और बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। यहां पर तैनात खंड शिक्षा अधिकारी कोरांव का विद्यालयों के टीचरों पर कोई खास प्रभावी नियंत्रण नहीं दिखता। चर्चा है कि कई ऐसे विद्यालय हैं जहां लोकल अध्यापक होते हुए भी समय से विद्यालय नहीं पहुंच पाते। ज्यादातर विद्यालय तो मात्र शिक्षा मित्रों के सहारे चल रहे हैं। और विद्यालयों की शोभा बढ़ा रहे हैं। और स्थानीय अधिकारियों को सुविधा सुल्क देते हैं। बिना सुविधा शुल्क लिए किसी भी अध्यापक आदि का हों कार्य नहीं होता। और उसी की बदौलत काफी टीचर्स नदारद रहते हैं। बाद में हाजिरी मेंटेन कर ली जाती है। फिलहाल कुल कोरांव में सभी जूनियर प्रायमरी विद्यालय ले कर 219 विद्यालय हैं। जिनमे ज्यादातर महिला टीचर्स अनुपस्थित रहती हैं। विभागीय सूत्री से ज्ञात हुआ कि जब से फिंगर टच सिस्टम से हाजिरी शुरू हो रही तभी से लापरवाह अध्यापक विद्यालय आने लगे। और जो महिला टीचर अनुपस्थित रहती थी उनको परेशानी होने लगी तो अपनी समस्याएं दर्शा कर अवकाश ले लिए। ऐसी करीब डेढ़ दर्जन महिला टीचर्स हैं जो अवकाश विधिवत ले ली हैं। कई विद्यालय ऐसे हैं कि टीचर अधिक हैं और कई ऐसे हैं कि अध्यापकों की कमी है। किंतु एसडीआइ द्वारा कोई भी कार्यवाही इस दिशा में नहीं की। एसडीआई से संपर्क कर कुछ जानकारी जुटाने का प्रयास किया गया किंतु फोन नहीं उठाया।

## भंडारा से वापस घर आ रहे व्यक्ति को तमंचा के बटों से किया जख्मी

**मऊआइमा।** भंडारा से वापस लौट रहे व्यक्ति को रोक कर तमंचा के बटों से मारा पीटा गया। भुक्तभोगी ने तीन अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मूल्हापुर निवासी महेंद्र कुमार पटेल पुत्र दूधनाथ का कहना है कि वह ग्राम सिंसई सिपाह भंडारण में गया था आरोप है कि वापसी के समय एक अन्य बाइक पर तीन सवारों ने ओवरटेक करके नई बाजार नहर के पास उसे तमंचा के बटों से मारे पीटे जिससे वह जमीन में गिर पडा तथा मोबाइल भी कहीं गिर गया। महेंद्र कुमार पटेल ने मऊआइमा थाने में अज्ञात तीन बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# न्यूज झरोखा

## कैंब्रिज विद्यालय में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी



**शंकरगढ़।** कैंब्रिज विद्यालय में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हें-मुन्हें बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। कक्षा नर्सरी के बच्चो ने सुंदर झांकी प्रस्तुत की। विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने भगवान श्री कृष्ण की महिमा का बखान किया और साथ में उनके द्वारा दिए गए उपदेशों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बालेंद्र पांडेय, मनी शंकर दुबे,सौरभ प्रकाश, धर्मराज कुशवाहा,पंकज मिश्रा,मनोज तिवारी,पंकज श्रीवास्तव,सुधीर नारंग, राजेश गोस्वामी अखिलेश पांडे,दीपक केशरवानी, इमरान अहमद,अनुभव पांडेय,रीतू सुसारी,सिम्मी गुप्ता,रेखा सिंह,मीरा श्रीवास्तव,मधु,दीपा, सोमवती, उषा प्रीती,अंजु मैम आदि उपस्थित रहे।

## श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**नैनी।** नैनी अरैल में नुक्कड़ नाटक के साथ सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान ने श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर अरैल नैनी में कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुशवाहा के नेतृत्व में रविवार को सावन माह की समाप्ति के पश्चात भव्य स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें नगर निगम की ओर से शिवकुमार की टीम ने एक नुक्कड़ नाटक स्वच्छता जागरूकता हेतु आम जनमानस के बीच में प्रस्तुत किया, जिसमें कलाकार करन यादव, पिंटू कुमार ने लोगों से सार्वजनिक स्थलों, मंदिरों एवं गंगा, यमुना के तटों को स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखने की जोरदार अपील की और गंदगी से होने वाली हानियों को बताया। सावन महीने की समाप्ति के पश्चात चारों ओर व्याप्त गंदगी हेतु पालीथीन मुक्त जनजागरण स्वच्छता अभियान चलाया गया कार्यक्रम में कुंवर जी तिवारी, सुनील कुमार मिश्रा, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, आत्म प्रकाश यादव, विनोद गुरानी, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, प्रवीण तिवारी, अभिषेक यादव, कार्तिकेय तिवारी, सौरभ यादव, उज्जवल यादव, सनी यादव, आर्यन यादव तुलसी तिवारी, निर्मल कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।



## संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से छः बकरियां जिंदा जलीं

**कौंधियारा।** कौधियारा थाना क्षेत्र के जारी चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत मैदा के पंडित का पूरा में देर रात 2 बजे अज्ञात करणो से आग लग जाने से कमरे में बंद 6 बकरियां जिंदा जल गई। सूचना के बाद भी फायर ब्रिगेड नहीं पहुंच सका। शोर सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। भुक्तभोगी लक्ष्मी शंकर कोटार्य के स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। लक्ष्मी शंकर कोटार्य पुत्र बैजनाथ बकरी पालन कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। शनिवार को बकरियों को कमरे में बन्द कर खाना खाकर सो गया। रात 2 बजे छप्पर जलने लगा । लोगों ने शोर मचाया तो गांव के लोग इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों के आग बुझाने तक छः बकरी जिंदा जल गयीं।

## शौच के लिए गयी किशोरी से दुराचार की असफल प्रयास मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** शौच के लिए गयी किशोरी के साथ एक युवक कुकर्म करने की असफल प्रयास किया। किशोरी की माता ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा कस्बा के एक0 मोहल्ला निवासी एक महिला का आरोप है कि उसकी सोलह वर्षीय लड़की के साथ मोहल्ले का एक युवक प्रायः छेड़खानी करता था। आरोप है कि किशोरी शौच के लिए गयी थी जहां उसके साथ युवक दुराचार की कोशिश की।शोर मचाने पर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए युवक भाग गया। किशोरी की माता ने मऊआइमा थाने में जुहैद अंसारी पुत्र मोहम्मद युनुस के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

# दुर्दशा : गोवंश खेती मुख्य मार्गों राहगीरों किसानो ब्यवसाइयों का पतन

अखंड भारत संदेश

**निरंतर छुट्टा पशुओं की संख्या में वृद्धि, दुर्घटना में पशुओं तथा यात्रियों की आए दिन हो रही मौत**

**कोरांव।** कोई एक स्थान क्षेत्र जिला नहीं समूचा भारत वर्ष आवारा छुट्टा पशुओं से हाइवे मार्ग, सार्वजनिक स्थल, विद्यालय, बैंकों, बाजारों गांवों शहरों कहीं भी देखिए असंख्य मात्रा में पशुओं के गैंग दिखाई देते हैं, जिससे खेती बारी का नुकसान तो हो ही रहा है किंतु दुर्घटनाओं से निरंतर यात्रियों और पशुओं के मरने अपंग होने आदि वारदातों की खबरें सुनने देखने को मिलती रहती है। पशु पालकों ने दर असल दुधारू गाय भैंस बकरियां के अलावा बैल बछड़े बछिया सब छुट्टा छोड़ दिए हैं,उन्हे उनके भूंख प्यास गर्मी ठंडी बरसात के पतन से कोई लेना देना नहीं है। जिससे देश प्रांत भर में जिधर देखिए उधर सड़कों बाजारों सार्वजनिक स्थानों खेतों में पूरा झुंड रात हो या दिन जमावड़ा रहता है। रात भर किसान अपनी कड़ी मेहनत से काफी लागत से तैयार खेती बारी व्यवसाय को बारी बारी से घर के



सदस्य तकवारी करते देखे जाते हैं। मुख्य मार्गों पर पूरा कब्जा रहता है। जिससे वाहनों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ती है। आए दिन छुट्टा साड़ बैल आपस में भिड़ कर बाजारों में खड़े वाहनों को नष्ट कर दे रहे हैं तो कहीं मनुष्यों के ऊपर चढ़ कर हड्डी पसली तोड़ दे रहे या फिर बाइक सवार वाहन लड़ भिड़ कर दुर्घटना ग्रस्त हो जा रहे हैं। सरकार ने उन्हें भूंख प्यास से और सुरक्षित रखने के लिए जगह जगह गोशालायें स्थापित करा दिया है। फिर भी उनकी भूँख प्यास से और छुट्टा के कारण जाने जा रही हैं,और ईशान भी जान गंवा रहे। पशु पालकों ने बैल के द्वारा अब होने वाली किसानी बंद होने से अपने अपने गाय बैल छुट्टा छोड़ दिए हैं। कई कई स्थानों पर तो दुर्घटना से त्रस्त गऊ माताएं बैल बाबू दम तोड़ने दिखते हैं, बड़ी दया आती है कि गो रक्छक दल, गो सेवा संगठन के लोग आंखों से देखते हैं किंतु उनके उपच्चार भूख प्यास के लिए कोई संघर्ष करता नहीं नजर आता। बल्कि किसी विशेष जाति समुदाय के लोगों द्वारा मारे जाने दुर्घटना कर दिए जाने आदि की खबर पाते हैं तो बड़ा संगठन जरूर दिखाई देता है और फिर बवंडर बना दिया जाता है। और पशुओं की हमदर्दी दिखाई देने लगती है। अन्यथा उन्हे कोई झांकता तक नहीं। फिलहाल छुट्टा जानवरों के निरंतर वृद्धि से उनकी पतन मौतों से बचाव के लिए सरकारी इंतजामात नाकाफी दिखती है। किसानों के दरवाजे पर अब वहीं गऊ माताएं नजर आती हैं जिनसे कुछ समय के लिए दूध देती हैं या फिर भैंस भैंसा। क्योंकि उनसे दूध दही घी और बिना दूध देने वाली भेंस भैंसो की बेंच कर रकम प्राप्त कर लेते हैं। बाकी गो वंश ईश्वर के सहारे अपनी बदकिश्मती पर आंसू बहाते दिख रहे हैं। आखिर गो वंश की रक्षा और उनकी दुहाई देने वाले क्या दिखावटी पशुओं से प्यार करते हैं। गो शालाओं में दाखिल मवेशी कैसे खुले आम खेती रात्रि में सफा चट्ट कर देते हैं। या फिर छुट्टा घूमते हैं,कागजों पर गो शालाओं में आराम फरमाते हैं। आम नागरिकों ने सरकार से छुट्टा मवेशियों की सुरक्छार्थ,जन धन की हानि से बचाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर ध्यान देकर निरंतर बढ़ रही उनकी संख्या पर उन्हें संरक्षित किए जाने की व्यवस्था उपाय की मांग की है। और समाज में सभी पशु पालकों को उनकी देख भाल के लिए सरकार की व्यवस्था में सहयोग प्रदान करना चाहिए,तभी गो वंशों की रक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

# महापौर ने झूंसी में सुनी जन समस्याएं

## एक करोण से गंगोली शिवाला का होगा कायाकल्प

अखंड भारत संदेश



**झूंसी।** प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी ने त्रिवेणीपुरम नेचर विला में स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित सुंदरकांड में शामिल हुए जिसके बाद उन्होंने जनसुनवाई किया। काफी संख्या में जुटे झूंसी के लोगों ने अपनी समस्या को महापौर के सामने रखा। उन्होंने लोगों की समस्याओं का निदान कराने का आश्वासन दिया। विशेष रूप से बारिश के समय सड़क व घरों के अंदर जल भराव से यहां के लोग काफी परेशान रहते हैं। पार्षद शिवनारायण यादव, अरविंद यादव, मंडल अध्यक्ष आत्माधर दुबे ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। महापौर ने कहा की झूंसी के विकास में कोई कमी नहीं रहेगी। गंगोली शिवाला मंदिर के लिए करीब 1 करोड रुपए का बजट पास किया गया है। इसके अलावा समुद्र कूप का कायाकल्प करने के लिए भी योजना बनाई जा रही है। इस दौरान पार्षद कोहना अनिल यादव, मुकेश लारा, अमर सिंह, रामबाबू केशरवानी, मोहित केशरवानी, संस्कार सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। झूंसी में माघ मेले से सटे अति प्राचीन मंदिर गंगोली शिवाला के विकास के विकास लिए महापौर के प्रयास से करोण का बजट पर्यटन विभाग से पास हुआ है। जिसके लिए लोगो ने महापौर का आभार व्यक्त किया। क्षेत्र के ही रामबाबू केशरवानी व मोहित केशरवानी के ने महापौर गणेश केशरवानी से गंगोली शिवाला के विकास के लिए सरकारी अनुदान की मांग की थी।

## बगीचे में लाश देख ग्रामीणों में मचा हड़कंप

**सहसों।** थाना सराय इनायत क्षेत्र के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत जगबंधनपुर गांव के बगीचे में रविवार को सुबह एक अज्ञात लाश देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। लाश देखे जाने की जानकारी मिलते ही धीरे-धीरे ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना मिलते हैं मौके पर पहुंची सहसों पुलिस लाश की पहचान कराने की कोशिश की परंतु लाश की पहचान ना हो सकी। लगभग 50 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति के बारे में ग्रामीणों का कहना है कि यह व्यक्ति कई महीनो से यहीं आसपास घूम रहा था परंतु आज बगीचे में मृत अवस्था में पाया गया। फिलहाल ग्राम प्रधान की लिखित तहरीर पर पुलिस ने लिखा पढ़ी एवं विधिक कार्यवाही करते हुए लाश को पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज भेज दिया।

# मालिकाना अधिकार के लिए धरना प्रदर्शन, बस्ती से पीएसी को हटाने की मांग

अखंड भारत संदेश




**नैनी।** नैनी केंद्र सरकार के आदेशानुसार अन्य राज्यों की तरह उत्तर प्रदेश की श्रमिक बस्तियों के आवासों का मालिकाना अधिकार दिए जाने की मांग को लेकर श्रमिक कॉलोनी, नैनी के निवासियों द्वारा शुरू किए गए मालिकाना अधिकार आंदोलन के तहत धरना-प्रदर्शन आज भी जारी रहा। मानस पार्क, श्रमिक कॉलोनी, नैनी, प्रयागराज स्थित धरना स्थल पर जोरदार नारेबाजी की गई। गत वर्ष से चल रहे आंदोलन के प्रति सरकार के उदासीन रवैये की निंदा करते हुए श्रमिक कॉलोनी में बच्चों के खेल ग्राउंड, सार्वजनिक पार्कों तथा राजकीय श्रम हितकारी केंद्र से 42 वीं वाहिनी पीएसी का कब्जा हटाने की मांग की गई। धरना स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए श्रमिक बस्ती समिति के महासचिव विनय मिश्र ने कहा कि सरकार द्वारा निराश्रित लोगों को आवास बना कर दिए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर इन कालोनियों में पिछले 70 वर्षों से रह रहे लोगों को उनके आवासों का मालिकाना अधिकार दिए जाने में हीला हवाली की जा रही है। मिश्र ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 1995 में इन आवासों की बिक्री प्रक्रिया शुरू भी की गई थी। लेकिन उसे रोक दिया गया। कई-कई पीढियों से लोग यहां रह रहे हैं। 43 वर्षों से समस्या के लंबित होने के कारण मजबूरन आंदोलन करना करना पड़ रहा है। जल संस्थान प्रयागराज द्वारा श्रमिक बस्ती में की गई जलकर वृद्धि की निंदा करते हुए संशोधित करके पूर्ववत करने की मांग की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद ने की। एसबी सिंह, बीके यादव, सभाजीत यादव, अमरचंद शर्मा, उमानंद मिश्र, संतुष्टम शिवम शुक्ला, शिशु त्रिपाठी, नितिन अग्रवाल, अंजू गुप्ता, राधिका देवी, राघवेंद्र सिंह गवर्नर, नंदकिशोर मिश्र, भूपेंद्र गुड्डु राय, अजमत हुसैन, अरुना पांडे, आरती, कमला देवी, माया देवी, लक्ष्मी नारायण गोपाल जी, शिवबरन सिंह, आदि लोग रहे।

# भारतीय जनता पार्टी नैनी मंडल में महा सदस्यता कार्यशाला आयोजित

अखंड भारत संदेश





**नैनी।** नैनी भारतीय जनता पार्टी नैनी मंडल में आगामी होने वाले महासदस्यता अभियान के अंतर्गत अभिनंदन पैलेस में नैनी मंडल की कार्यशाला रखी गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी एवं अध्यक्षता नैनी मंडल अध्यक्ष दिलीप केसरवानी, मुख्य रूप से ज्ञानेश्वर शुक्ला, नरसिंह, पार्षद रणविजय सिंह, ओम प्रकाश मिश्रा, जय कृष्ण तिवारी, रजत दुबे, पूर्व पार्षद मुकेश भारतीय, संजय केसरवानी सीमेंट वाले, बबलू पाल, सुरेश पटेल, धर्मराज पटेल, महिला मोर्चा से आकांक्षा जायसवाल, पूर्णिमा गुप्ता, दीक्षा गुप्ता, तथा समस्त मंडल पदाधिकारी मोर्चा के अध्यक्ष वार्ड अध्यक्ष तथा अनेकार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## मंत्री नंदी ने भाजपा महिला नेत्रियों से उप चुनाव को लेकर की चर्चा

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** सूबे के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई तथा निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी रविवार की शाम फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के झूंसी इलाके में पहुंचे। यहां पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की महिला नेत्रियों एवं पदाधिकारियों से फूलपुर विधान सभा में होने वाले उप चुनाव को लेकर गहन चर्चा की। मंत्री नंदी का स्वागत भाजपा की वरिष्ठ नेत्री सत्या तिवारी ने किया। इस दौरान मंत्री नंदी ने महिला नेत्रियों से चुनाव में अभी से जुट जाने की अपील की। इस मौके पर अरुण कुमार मिश्र,नागेंद्र द्विवेदी, रीता त्रिपाठी, राजेश्वरी पांडेय, विजयलक्ष्मी चंदेल, ऊषारानी, बाबा श्याम दास, सरोज साहू, सुनीता चौधरी, निर्मला केसरवानी, विनय त्रिपाठी, अविनाश जायसवाल, नीरज मिश्र आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण



अखंड भारत संदेश

### यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल के द्वारा रविवार को भी जनपद के विभिन्न केन्द्रों पर आयोजित हो रही उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशलढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत राजकीय गर्ल्स इण्टर मीडिएट कालेज कटरा, इलाहाबाद विश्वविद्यालय सहित अन्य परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में पुलिस भर्ती परीक्षा की मानीटरिंग हेतु बनाये गये कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए वहां पर सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता व इसके माध्यम से हो रही मानीटरिंग का परीक्षण किया। जिलाधिकारी ने प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर नियुक्त स्टैटिक मजिस्टेट, प्रधानाचार्य व अन्य सम्बंधित से परीक्षा केन्द्र पर कुल कितने अभ्यर्थियों का नामांकन है तथा उसके सापेक्ष कितने अभ्यर्थी आज की परीक्षा में सम्मिलित हुए है तथा सम्बंधित केन्द्र में परीक्षा कितने कक्षों में आयोजित हो रही है एवं उनके बैठने के सीटिंग अरेजमेंट व अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी के द्वारा केन्द्रों के प्रत्येक परीक्षा कक्ष का निरीक्षण किया गया तथा अभ्यर्थिंयों की पहचान के लिए आधार प्रमाणीकरण की जानकारी भी प्राप्त की।

## बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर जलाया गया पुतला




**प्रयागराज।** रविवार को सुभाष चौराहे पर अल्पसंख्यक मोर्चा महानगर प्रयागराज के द्वारा बांग्लादेश में हो रहे हैं अल्पसंख्यक हिंदुओं के ऊपर अत्याचार के विरोध में पुतला दहन का कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य रूप से अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नवाब खान ने किया एवं दोनों महामंत्री मनु चावला एवं सैयद उस्मान हुसैन तथा उपाध्यक्ष अकबर हुसैन राशिद राईन इरफान बिलाल अहमद फैजान अहमद अस्मत कमल मोहम्मद शरीफ महानगर मंत्री मोहम्मद मुजीब शमसुल कमर मुस्तफा टंकी अदनान अहमद परमजीत बग्गा जसविंदर सिंह जसवीर जी इमरान सिद्दीकी पप्पू मोहम्मद नाजिम कमल सिंह मिडिया प्रभारी शहर नकवी एजाजुद्दीन जी कुलदीप खालसा गुड्डु अटाला सरदार सिंह एक लाख हुसैन बबलू सरताज जीशान अहमद राफातुल्लाह मंजू खान असद बबली जावेद पुतला दहन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।





# महिलाओं ने पुत्र की दीघार्यु के लिए हल छठ पर रखा व्रत, की पूजा-अर्चना

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में हलछठ का पर्व धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं के द्वारा परिवार की खुशहाली और संतान की लंबी उम्र के लिए हलछठ का व्रत रखकर भगवान शिव और पार्वती की पूजा अर्चना किया गया। अपनी संतान की दीघार्यु होने की कामना की। क्षेत्र में अलग अलग जगह पर महिलाओं को समूह ने कुस, बैर व महुआ की टहनियों को जमीन में गाड़ कर उसमें गड्डा बनाया। इसके बाद गड्ढे में पानी डालकर महुआ, चना, ज्यार, बाजरा, चावल व अन्य पांच प्रकार के चुने हुए अनाज को मिट्टी के कुलाड महुआ के पत्ते से बना दोना में डालकर मुहूर्त के अनुसार विधि विधान से पूजा अर्चना किया। क्षेत्र के महेवा, मडौका, कॉटन मिल, शांकढाल, मेवालाल बगिया सहित तमाम इलाकों में व्रति महिलाएं ने पूजा की। मडौका की प्रिया श्रीवास्तव ने बताया की इस पूजा का सम्बन्ध भगवान श्री कृष्ण के बड़े भाई बलराम जी से हैं।

## महर्षि महेश योगी के परम शिष्य गिरीश वर्मा का जन्मदिन मनाया गया



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी अरैल में महर्षि महेश योगी के परम शिष्य गिरीश वर्मा का जन्मदिन आध्यात्मिक क्षेत्र के गुरु के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर आश्रम प्रभारी सुनील श्रीवास्तव आश्रम प्रभारी बसंत दास आश्रम समाधि स्थल प्रभारी धर्मेंद्र श्रीवास्तव आचार्य जितेंद्र दास आचार्य वरिष्ठ पंडित राधिका वरिष्ठ भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव डॉ जेपी श्रीवास्तव श्री ऋषि त्रिवेदी विमल मिश्रा द्वारिका प्रसाद तिवारी राम मंगल गुप्ता आश्रम प्रभारी के नेतृत्व में रुद्राभिषेक अनुष्ठान कर उनके दीघार्यु की कामना की गई।

# महिला चिकित्सक की हत्या के विरोध में झूंसी के चिकित्सकों ने निकाला कैंडल मार्च

अखंड भारत संदेश



**झूंसी।** पिछले दिनों पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के अस्पताल में महिला प्रशिक्षु चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद हुई हत्या के विरोध में रविवार की शाम को झूंसी के चिकित्सकों ने कैंडल मार्च निकाला। इसके पहले आवास विकास कालोनी योजना तीन के पैराडाइज गार्डेन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें दो मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। कार्यक्रम के संयोजक एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.संजय त्रिपाठी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में महिला चिकित्सक का अस्पताल के भीतर असुरक्षित होना बेहद चिंता का विषय है। पश्चिम बंगाल सरकार को महिला चिकित्सकों की सुरक्षा को लेकर कठोर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। वरिष्ठ सर्जन डॉ. अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि महिला चिकित्सकों की सुरक्षा को लेकर सरकारों को कटिबद्ध होना होगा। इसके बाद झूंसी के सरजू अस्पताल से कैंडल मार्च निकाला गया जिसमें समाज के हर वर्ग के लोग शामिल हुए। आवास विकास कालोनी के विभिन्न सेक्टरों और लाल चौक होते हुए कैंडल मार्च झूंसी पुलिस बूथ पर पहुंचकर संपन्न हुआ। इस मौके पर डॉ.मनीष मिश्र, डॉ.के-के सिंह, डॉ.संजीव त्रिपाठी,पूर्व प्रधान सुरेंद्र त्रिपाठी,डॉ.जेपी शुक्ल, डॉ.बीके पांडेय, डॉ. चंद्रबली, ज्ञानधर, अजय राज मिश्र, आलोक मिश्र, अनुज पांडेय,नितिन कुमार यादव, आशीषराज यादव, देवचंद पटेल, फूलचंद आदि मौजूद रहे।

## एनडीआरएफ ने सेल्फी प्वाइंट, अरैल घाट पर आपदा प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

**प्रयागराज।** एनडीआरएफ के आपदा प्रबंधन व प्रशिक्षण कार्यक्रम का सबसे बड़ा उद्देश्य आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और अच्छी तरह से तैयार समुदाय से है, जो स्वतंत्र रूप से निर्णय ले सकता है और आपदा के स्थितियों में स्थानीय ज्ञान और संसाधनों का उपयोग कर बहुमूल्य जीवन को बचाने में मदद कर सकता है। इसे ध्यान मे रखते हुए आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत श्री मनोज कुमार शर्मा, उप महानिरीक्षक के दिशा-निर्देशन में 11 एनडीआरएफ वाराणसी की टीमें आपदा से बचाव एवं प्रबंधन हेतु बृहद पैमाने पर सामुदायिक जागरूकता स्कूल सुरक्षा, एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम के अभियान को चला रही है। इसी कड़ी मे आगामी महाकुंभ-2025 के मद्देनजर आज दिनांक 24 अगस्त 2024 को, 11 एनडीआरएफ, वाराणसी की टीम 11ङ, निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में नव निर्मित आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सेल्फी प्वाइंट, अरैल घाट , प्रयागराज(उत्तर प्रदेश) पर "सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम व क्षमता निर्माण कार्यक्रमह्व आयोजित कर आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। एनडीआरएफ के प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम , बांढ़ में बचाव के तरीके, बाढ़ की स्थिति में क्या करें और क्या न करें, सीपीआर, गले में फंसी बाहरी वस्तु के निकालने के तरीके, अस्पताल पूर्व के उपचार, तात्कालिक स्ट्रेचर बनाना, लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके, इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस (राफ्ट) बनाना, आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नाविक संगठन व स्थानीय नागरिक , पर्यटक तथा जिला-प्रयागराज के पी ए सी तथा सहायक आपदा सलाहकार- कड़ेदीन यादव ( पूर्व प्रभारी जल पुलिस) व आपदा प्रबंधन के कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया तथा आपदा में राहत-बचाव की तकनीकों की बारीकियों को जाना। सभी लोगो ने एनडीआरएफ के इस कार्यक्रम को बहुत प्रशंसनीय और शिक्षाप्रद बताया।

# रेलवे ट्रैक पर छाता लेकर सो गया शख्स ट्रेन रोक लोको पायलट ने जगाया

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** रेलवे ट्रैक पर एक शख्स के आराम से छाता लगाकर सोने का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो को प्रयागराज का बताया जा रह है। कहा जा रहा है कि मऊआइमा में रेलवे पटरी पर एक अधेड़ रेलवे लाइन पर सिर रख आराम से सो गया। ड्राइवर ने ट्रेन रोक उस शख्स को जगाया। हालांकि, रेलवे अधिकारी इससे इंकार कर रहे हैं रेलवे के साथ आरपीएफ, जीआरपी ने भी वीडियो के प्रयागराज का होनो से मना किया है। उनका कहना है कि किसी ड्राइवर या यात्री ने ऐसी सूचना नहीं दी। हालांकि, रेलवे वीडियो की जांच करा रहा है।कहा जा रहा है कि प्रयागराज में रेलवे ट्रैक पर एक शख्स पटरी पर सिर रख आराम से सोता पाया गया। इतना ही नहीं वह बारिश से बचने के लिए छाता भी लगाए था। अधेड़ उम्र के इस शख्स को रेलवे ट्रैक पर सोता देख ट्रेन रोकनी पड़ी। ट्रेन ड्राइवर यानि लोको पायलट ट्रेन रोकने के बाद उस शख्स को सोते से जगाया। इसका पूरा वीडियो भी बनाया गया। ट्रेन प्रयागराज से प्रतापगढ़ रूट पर जा रही थी। घटना प्रयागराज के मऊआइमा के आसपास की है। ट्रेन जब मऊआइमा रेलवे क्रासिंग से निकली तो आगे जाकर लोको पायलट ने ट्रेन रोक दी। बीच पटरी पर एक शख्स आराम से सोता मिला। हालांकि ड्राइवर ने जोर से चिल्लाया तो वह शख्स छाता समेट पटरी से दूर चला गया। अब इसका वीडियो वायरल हो रहा है।

### अधिकारी बोले- प्रयागराज का मामला नहीं, जांच की जा रही



## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर आज विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर रामपुर खास में विविध आयोजनों में शामिल होंगे। वह अपरान्ह साढ़े तीन बजे लालगंज तथा सायं सवा चार बजे बाबा घुइसरनाथधाम आयेंगे। राज्यसभासदस्य प्रमोद तिवारीसांगीपुर, अठेहा, उदयपुर, मंगापुर, रेहुआ लालगंज, राहाटीकर तथा रानीगंज कैथौला में भी आयोजित जन्मोत्सव में शामिल होंगे। रात्रि नौ बजे लालगंज हरिहर मंदिरम् में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर आयोजित समारोह में शामिल होंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने दी है।

## दस आरोपियों के खिलाफ मारपीट व तोड़फोड़ का मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिशन घर में घुसकर पीड़ित को मारने पीटने व तोड़फोड़ को लेकर पुलिस ने नामजद व अज्ञात समेत दस आरोपियों के खिलाफ बलवा समेत गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है। लालगंज के रायपुर तियाई निवासी राजेश कुमार साहू पुत्र स्व. राजाराम ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती सत्रह अगस्त को गांव के राधेश्याम के पुत्र अर्जुन जायसवाल व अशोक, पप्पू के पुत्र विशाल तथा शहरूख खान तथा आकाश यादव पांच अज्ञात लोगों के साथ उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगे। पीड़ित ने मना किया तो आरोपियों ने घर में घुसकर उसे मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपियों ने गृहस्थी के सामान में भी जमकर तोड़फोड़ की। तहरीर के आधार पर शनिवार की रात पुलिस ने आरोपी अर्जुन समेत पांच नामजद तथा पांच अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# पुत्रों की सलामती के लिये महिलाओं ने रखा ललही छठ का व्रत



ललही छठ पर पूजन अर्चन करती महिलाएं।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुत्रों की सलामती व खुशहाली के लिये महिलाओं ने आज ललही छठ का व्रत रखकर विधि विधान से पूजन किया। हिन्दू समाज में ग्रामीणों व शहरियों में इस व्रत का बड़ा महत्व है। महिलाएं

### दिन भर व्रत रहकर महिलाएं करती रही पूजा अर्चना

पूजन के बाद इस पूजा के प्रचलित कहानियां भी अपने बच्चों को सुनाती हैं कि छठ पूजा की पूजा से कैसे संतान की प्राप्ति हो सकती है।

ढाक का पात, भैंस का दूध व दही व भैंस के गोबर के अलावा फलों व फूलों तथा मिठाई का भोग लगाकर पूजा अर्चना की गई। महिलाएं आज के दिन व्रत में भी भैंस का ही दूध दही उपयोग करती हैं। गृहस्थ महिलाओं ने अपने घरों में नीचे बैठकर पूजा की। कुछ महिलाएं मंदिरों तथा पेड़ के नीचे बेदी बनाकर पूजा अर्चना की। अनेक स्थानों पर समूह में महिलाओं ने पूजा की। इस बार छठ को लेकर भ्रम भी था। वास्तव में शनिवार को बारह बजे से लेकर रविवार को बारह बजे तक छठ थी इसलिये महिलाओं ने आज बारह बजे के पहले पहली बेला में पूजा अर्चना की।

## पुत्र के दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा ललही छठ का व्रत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** ललही छठ पर रविवार को महिलाओं ने पुत्र की दीर्घायु के लिए उपवास रखा। इस दौरान ललही माता की पूजा की।दोपहर में महिलाओं ने गोबर से बनी ललही छठ माता की विधि विधान से पूजा अर्चना की। ललही छठ पर व्रती महिलाएं सुबह जल्दी उठकर महुआ की दातुन कर स्नान के बाद ब्रत का संकल्प लिया। इसके बाद घर में भैंस के गोबर से ललही छठ माता का चित्र बनाई। इसके बाद महिलाओं ने विधि विधान से पूजा किया। क्षेत्र पंचायत बाबा बेलखरनाथ धाम के शेखपुर अठगवां, आशापुर, गजरिया, सिसौरा, सांगा पट्टी, दोनई सूडेमऊ में महिलाओं ने छठी माता का विधिवत पूजा कर दिन भर उपवास रखा। इस व्रत में भैंस का दूध, दही, महुआ, तिन्नी का चावल आदि ग्रहण किया जाता है।

## बच्चों के अधिकारों का हनन रोकने के लिए सभी को आगे आना होगाः सैयद इमरान

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बच्चों के अधिकारों का हनन रोकने के लिए सभी को आगे आना होगा. उक्त बातें तरूण चेतना संस्था द्वारा बहुता में आयोजित ग्राम बाल संरक्षण समिति के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में यूनिसेफ के मंडलीय रिसोर्स परसन सैयद इमरान ने कही. उन्होंने कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं, इनके लिए बाल हितैषी ग्राम पंचायत की योजना बनाना आवश्यक है।

श्री इमरान ने बाल हितैषी जीपीडीपी0 बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर तरूण चेतना के निदेशक नसीम अंसारी ने बाल अधिकारों पर प्रशिक्षण देते हुए चारों बाल अधिकारों पर विस्तार से प्रकाश डाला. श्री अंसारी ने बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण तथा ड्राप आउट रोकने के लिए ग्राम बाल संरक्षण समिति को सक्रिय करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में बाल अधिकार परियोजना के प्रभारी शिव शंकर चैरसिया द्वारा द्वारा बहुता गांव को बाल हितैषी गांव बनाने के क्या मुद्दे हो सकते हैं, जिस पर हमे कार्य करना होगा । इस विषय पर समझ बन जाने के बाद सभी प्रतिभागियो को 03 समूहो मे बांटा गया। सभी समूहो ने बहुता गांव को बाल हितैषी गांव बनाने की योजना पर बात की तथा माडल योजना बनाकर प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत भी किया गया। बाल संरक्षण समिति सदस्यों के इस प्रशिक्षण अवसर पर आँगनवाडी कार्यकत्री, आशा बहू सहित विद्यालय के राम तीर्थ वर्मा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# प्रेमी युगल ने ट्रेन के सामने लगाई छलांग, मौत

### प्रेमी विवाहित था, पुलिस भर्ती परीक्षा देने निकला था, प्रेमिका मंदिर के बहाने घर से निकली थी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** चिलबिला रेलवे स्टेशन पर रेलवे लाइन के किनारे एक युवक और युवती की लाश मिलने से सनसनी फ़ैल गई। दोनो की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। दोनो एक दूसरे को जानते और पहचानते थे। पुलिस की जांच में पता चला है कि दोनो आपस में प्रेम करते थे। युवक विवाहित है। वह पुलिस भर्ती प्रवेश परीक्षा देने घर से निकला था। पुलिस को दोनो के मोबाइल मिले हैं। जीआरपी ने परिजनों को सूचित किया। दोनो के शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। रविवार रात में जीआरपी को सूचना मिली कि युवक और युवती की लाश चिलबिला रेलवे स्टेशन पर रेलवे लाइन के किनारे पड़ी है।



मौत पर रोते-बिलखते परिजन।

यह सूचना दिल्ली से आने वाली ट्रेन काशी विश्वनाथ के ड्राइवर ने दी। सूचना मिलने मौके पर पहुंचे जीआरपी दरोगा रामजीत ने जांच पड़ताल शुरू की। दोनों के पास से मोबाइल मिले। युवक के पास से पुलिस परीक्षा भर्ती का प्रवेश पत्र मिले। दोनो के आधार पर पुलिस की जांच आगे बढ़ी। पुलिस के अनुसार युवक की शिनाख्त गजेंद्र नाथ सरोज कंसापुर संग्रामगढ़ जनपद अमेठी और युवती की पहचान ममता सरोज पिचुरा थाना सांगीपुर के रूप में हुई। जीआरपी ने दोनो के परिजनों को सूचना भेज दी। घटना की जानकारी होने पर दोनो परिवार में कोहराम मच गया। दोनों लोग भागते हुए जीआरपी थाने पहुंचे। उन्होंने ने भी दोनों के शवों की शिनाख्त की। पुलिस को जानकारी मिली है कि गजेंद्र और ममता दोनों एक दूसरे को जानते थे। दोनो के परिवार के बीच रिश्तेदारी थी। दोनो आपस में मोहब्बत भी करते थे। गजेंद्र की शादी हो चुकी है। पत्नी के पेट में बच्चा भी है। ममता अविवाहित है। एसओ जीआरपी गोपाल जी कुशवाहा ने बताया कि गजेंद्र और ममता के शव चिलबिला स्टेशन पर ट्रैक के किनारे मिले हैं। दोनो एक दूसरे को भली भांति जानते पहचानते थे। गजेन्द्र पुलिस भर्ती की परीक्षा देने घर से निकला था।बता दें कि ममता और गजेंद्र दोनो के परिवार के बीच रिश्तेदारी होने की वजह से आना जाना भी था। बताया जाता है कि इसी बीच गजेंद्र की शादी हो गई लेकिन दोनो के बीच प्रेम कम नहीं हुआ।इनसेट में-

### दोनो साथ, साथ निकले थे

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** साथ जी न सके, लेकिन साथ मर तो सकते शायद यही सोचकर दोनो घर से निकले। गजेंद्र परीक्षा देने जा रहा था। ममता मंदिर के बहाने घर से निकली। दोनो चिलबिला स्टेशन पर पहुंचे। रात को ट्रेन के सामने छलांग लगा दी। इंजन की टक्कर के बाद दोनो ट्रैक पर जाकर गिरे जिससे दोनो की मौत हो गई। चर्चा है कि काशी विश्वनाथ से दोनो टकराए हैं। उसी के चालक ने कंट्रोल और स्टेशन को सूचना दी है।

## बाइक सवारों ने युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** घर जा रहें युवक को बाइक सवार तीन युवकों ने रास्ते में रोककर जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के रतनमई गांव निवासी दिनेश प्रताप सिंह तीन दिन पूर्व अपने दोस्त लकी पांडे को नजियापुर गांव छोड़ने गए थे। वापस लौटते समय साचैली गांव के समीप प्लसर सवार तीन युवकों ने दिनेश प्रताप सिंह को रोककर लाठी डंडे से पिटाई कर दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर दिलीपपुर पुलिस ने तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार मिश्र ने बताया कि मुकदमा किया गया है मामले की जांच की जा रही है।

# एक सितम्बर से भाजपा चलाएगी सदस्यता अभियान, जिला कार्यशाला का हुआ आयोजन





जिला कार्यशाला में बोलते क्षेत्रीय महामंत्री संतोष पटेल।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश संगठन द्वारा जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला कार्यशाला के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री संतोष पटेल मौजूद रहे। संचालन राजेश सिंह ने किया।

मुख्य अतिथि संतोष पटेल ने कहा कि प्रथम चरण की सदस्यता एक सितंबर से 25 सितंबर तक करनी है। द्वितीय चरण की सदस्यता अभियान एक अक्टूबर से 15 अक्टूबर सक्रिय सदस्यता घोषण एक अक्टूबर एवं अभियान 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2024 तक प्राथमिक और सक्रिय सदस्यता करनी है ।

उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के लिए सदस्य जिले में एक महिला का होना अनिवार्य है सदस्यता अभियान के लिए जिले स्तर पर कुल पांच सदस्य जिसमें एक महिला सहित तीन सदस्य बनने हैं सदस्यता अभियान के लिए वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को शक्ति केंद्र पर सदस्यता सहयोगी बनना है। जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि सदस्यता अभियान जिले में अच्छा किया जाएगा और जिस तरह से पार्टी की मंशा है उसके अनुरूप सभी लोग लगकर हम सभी काम को पूरा करेंगे। सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने कहा कि सदस्यता हमारी प्राथमिकता है इसको महत्वपूर्ण समझकर सदस्यता मजबूती के साथ किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि देवानंद त्रिपाठी, अवधेश मिश्र, गुरुजी, के के सिंह, धीरज ओझा, उमेश द्वेवेदी, पवन गौतम, अशोक मिश्र, सतीश चैरसिया, संतोष मिश्र, राजेश मिश्र राजन, संतोष मिश्रा, अशोक सरोज, जिला प्रवक्ता राघवेंद्र शुक्ल, राकेश सिंह, अनुराग मिश्र, सुनील मौर्य, प्रतिभा सिंह, रुचि केसरवानी, प्रमिला शुक्ला, अजय वर्मा, देवेश त्रिपाठी, नवीन सिंह पवन सिंह, शुभम सिंह, रजत सक्सेना,राम आसरे पाल, ओम प्रकाश गुड्डू, विजय मिश्र, कुलवंत सिंह, पिंकी दयाल, संजय सिंह, साधु दुबे, कृष्णकांत मिश्र, मीरा गुप्ता, आलोक गर्ग, ज्योतिमा सिंह, सूर्य प्रकाश पटेल, यशोदा उपाध्याय, श्याम सुंदर टाऊ, पूनम इंसान, सुजीत, महेश फौजी, हरिश्चंद्र सोनकर, पंकज सिंह, देवराज ओझा आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



अभ्यर्थियों के कागजात चेक करते पुलिस कर्मी।

# तीसरे दिन भी परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस का रहा कड़ा पहरा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस भर्ती परीक्षा में तीसरे दिन भी सख्ती पिछले दो दिनों की तरह दिखाई पड़ी। प्रशासन की सख्ती के चलते पुलिस भर्ती शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से हो पा रही है। डीएम संजीव रंजन और एसपी डा0 अनिल कुमार के निर्देश पर एडीएम सुरेश चंद्र रावत एवं अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय परीक्षार्थियों को चेक करते रहे। इसके अलावा परीक्षा केन्द्रों पर तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक निर्देश देते रहे।

बताया जाता है कि जिला प्रशासन की सख्ती के कारण ही इस बार नकल माफिया परीक्षा केन्द्रों के नजदीक नहीं आ पा रहे हैं।

### डीएम-एसपी, एडीएम व एएसपी ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

पुलिस का पहरा अंदर व बाहर दोनों रहता है। शनिवार को हुई परीक्षा में 2501 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। चर्चा है कि सख्ती के कारण ही परीक्षार्थी परीक्षा में बैठने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। बताया जाता है कि परीक्षार्थी के साथ सख्ती से बायोमैट्रिक सत्यापन करने के बाद ही कक्ष में जाने दिया जा रहा है और परीक्षा कक्ष में भी परीक्षार्थी सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहता है। शासन के कड़े निर्देश के चलते पुलिस भर्ती परीक्षा में पहली बार इतनी सख्ती देखने को मिली है।

# अरे द्वारपालों के गाने पर बच्चों ने जमकर मचाया धमाल

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर विद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पूर्व बच्चों ने अनेक मनोहरी कार्यक्रम प्रस्तुत संपन्न हुआ जिसमें बच्चों ने सहभागिता करते हुए जमकर धमाल मचाया। बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के राजकुमारी मेमोरियल इंटर कॉलेज दिलीपपुर में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पूर्व एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए लोगों को मंत्र मुक्त कर दिया। अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो...गाने पर सारांश विश्वकर्मा, अंकित मिश्रा, आर्यन दुबे ने धमाल मचा दिया। इसी तरह श्रीकृष्ण के द्वार पर खड़े होकर सुदामा के अनुनय विनय पर अंगूठा नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान ऋषभ सोनी, कृष्णा सोनी, अभिनव मिश्रा, रुद्राक्ष त्रिपाठी सहित अनेक बच्चों ने श्री



विद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

कृष्ण राधा की झांकियां निकाल कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन राजेश दुबे तथा अध्यक्षता रवीश कुमार तिवारी ने किया। इस मौके पर बीके पांडे, अखिलेश प्रजापति, अंजली शर्मा, विजय शंकर दुबे, अतुल मिश्रा, दीपू शुक्ला, मुकेश दुबे, स्तुति तिवारी, सुशील पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

## छात्रा को छेड़ने पर प्रधानाध्यापक को बीएसए ने किया निलम्बित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने लक्ष्मणपुर ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरे गुलाब राय के प्रधानाध्यापक को कक्षा-6 की छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में निलम्बित कर दिया है।

बताया जाता है कि शनिवार को रोते हुए छात्रा अपने घर पहुंची। उसने बताया कि प्रधानाध्यापक उसे अलग कमरे में ले जाकर बैड टच करने लगे। इसके पहले भी प्रधानाध्यापक पर इस तरह के आरोप लग चुके हैं। इससे ग्रामीणों में बहुत आक्रोश है। घटना की सूचना मिलते ही बीएसए भूपेन्द्र सिंह ने तुरंत उसे निलम्बित कर दिया है। घटना की जानकारी पुलिस को भी दी गई जिस पर थानाध्यक्ष जांच करने गांव पहुंचे। घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि शिक्षा के मंदिर में छात्राओं को किसके भरोसे भेजा जाए। पता चला है कि प्रधानाध्यापक स्कूल से भाग गया है। जेठवारा थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

### थानाध्यक्ष भी जांच करने गांव पहुंचे

## आरोपी के खिलाफ पिलर तोड़ने का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन के बाद पिलर तोड़ने को लेकर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के शीतलमऊ निवासी जयन्त शंकर सिंह पुत्र हरिशंकर सिंह ने दी गयी तहरीर में कहा है कि उसकी भूमिधरी का राजस्व विभाग ने सीमांकन कराया। सीमांकन के बाद भी विपक्षी गांव के त्रिलोचन सिंह ने सीमांकन के गड़े पिलर तोड़ दिये। तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# दुर्घटना में युवा व्यापारी की मौत, दो रेफर

### व्यापारी की मौत से परिजनों में कोहराम, शोक में डूबा लालगंज बाजार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आमने-सामने बाइक व स्कूटी की भिडंत में तीन युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गये। इसमें एक युवक की ट्रामा सेंटर में मौत हो गयी। अन्य दोनो घायल दोनो युवकों को गम्भीर दशा में प्रारम्भिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दुर्घटना में युवा व्यापारी की मौत को लेकर लालगंज कस्बे में दूसरे दिन रविवार को भी गम का माहौल दिखा।

लालगंज कोतवाली के अन्तर्गत नगर पंचायत की बाजार में शनिवार की रात पौने दस बजे लालजी जायसवाल का पुत्र सुनील जायसवाल (32) अपनी दुकान बंद कर संगम चैराहे के आगे स्थिति अपने घर स्कूटी से जा रहा था। अभी वह संगम चैराहे के पास ही पहुंचा ही था कि बाबूगंज बाजार की तरफ से लालगंज कोतवाली के समापुर निवासी जयशंकर मिश्र (30) पुत्र राजकुमार मिश्रा तथा उसका साथी सुशील पाण्डेय (26) भी बाइक से आ रहे थे। जयशंकर की बाइक अनियंत्रित होकर तेज गति से मृतक सुनील की स्कूटी से टकरा गई। घटना स्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मृतक सुनील स्कूटी से खड़ा था तभी तेजगति से आ रही बाइक उससे टकरा गयी। दुर्घटना में तीनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायल युवकों की चीख पुकार सुनकर आस-पास के लोग दौड़े। घायलों को लोगों ने आनन'-फानन में ट्रामा सेंटर पहुंचाया। दुर्घटना में नगर के व्यापारी की मौत की जानकारी बाजार में फैल गयी। कुछ ही देर में ट्रामा सेंटर में बाजार के लोगों की भीड़ जुट गयी। गम्भीर रूप से घायल सुनील को चिकित्सकों ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। सुनील की मौत को लेकर ट्रामा सेंटर में पहुंची उसकी मॉ गायत्री देवी तथा पिता लाल जी बिलख-बिलख कर रोने लगे। इधर गम्भीर रूप से घायल जयशंकर व सुशील पाण्डेय को प्रारम्भिक उपचार के बाद गम्भीर स्थिति में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## चोरी की घटना को लेकर केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली पुलिस ने पत्रकार समेत दो घरों में हुई चोरी की घटना को लेकर शनिवार की रात अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है। रानीगंज कैथौला चैकी के लखनसेनपुर निवासी अरूण प्रताप सिंह ने तहरीर देकर कहा है कि बीती इक्कीस अगस्त को अज्ञात चोरों ने गांव में प्रमोद सिंह तथा अमरबहादुर सिंह के घर चोरी की घटना में नकदी व जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। हालांकि घटना के तीसरे दिन भी खुलासे को लेकर पुलिस के हाथ सुराग तक नहीं लग सका। वहीं घटना में साथी पत्रकार प्रमोद सिंह के घर चोरी को लेकर स्थानीय पत्रकारों ने भी पुलिस प्रशासन से मिलकर विरोध दर्ज करा रखा है।

## लाखों के जेवरात उड़ाए, जांच के नाम पर आंख मूंदे है उदयपुर पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** चोरी की घटना में तहरीर के बावजूद उदयपुर पुलिस जांच के नाम पर एफआईआर दर्ज करने में हीलाहवाली कर रही है। पुलिस का टालू रवैया देख पीड़िता ने जिले के एसपी से इंसाफ की गुहार की है। उदयपुर थाना के पूरे गिरजा आहड़बीहड़ निवासी उदय प्रताप सिंह की पत्नी शिवानी ने एसपी को दिए गये शिकायती पत्र में कहा है कि बीती अट्ठारह अगस्त को वह रक्षाबंधन को लेकर अपने पति के साथ मायके गई थी। बीस अगस्त की रात दस बजे गांव के ही आरोपियों ने उसके घर के पीछे का दरवाजा तोड़कर घर में घुस गये। आरोपियों ने पीड़िता के घर में आलमारी का लाकर भी तोड़ दिया। लाकर से प्रार्थिनी के सोने चांदी के कीमती जेवरात चुरा ले गये। बेडरूम में आवाज सुनकर पीड़िता की जेठानी किरन जगी तो आरोपी बदहवास भागने लगे। तहरीर में कहा गया है कि उसकी जेठानी ने टार्च की रोशनी में आरोपियों को भागते देखा है।

# प्रधान पुत्र पति समेत 12 नामजद 40 अज्ञात के विरुद्ध प्राण घातक हमले का मुकदमा दर्ज

## पुलिस की एकतरफा कार्यवाही से नाराज ब्राह्मण समाज के लोगों ने थाने पर किया धरना प्रदर्शन नारेबाजी

**अखंड भारत संदेश**

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के निधियांवा गांव में शुक्रवार की रात्रि और शनिवार की सुबह विवाद के बाद कई लोगों के घायल होने के मामले में पुलिस द्वारा एक तरफा कार्रवाई किए जाने से नाराज ब्राह्मण समुदाय के लोगों ने रविवार को कोखराज थाना में धरना प्रदर्शन नारेबाजी कर मुकदमा दर्ज करने की मांग की आक्रोशित ब्राह्मण समाज के लोगों के धरना प्रदर्शन नारेबाजी के बाद पुलिस ने दूसरे पक्ष का भी मुकदमा प्रधान पुत्र और पति समेत 12 लोगों के नामजद और 35 से 40 अज्ञात के विरुद्ध दर्ज कर लिया है। विवाद के दौरान शनिवार सुबह बृज बिहारी पाण्डेय के घर पर लाठी डंडे तमंचा लेकर कई दर्जन लोगो ने घर चढ़ कर गाली



गलौच और फायरिंग की थी मामले में थाना पुलिस की एक पक्षीय कार्यवाई के बाद ब्राम्हण समाज के लोगो ने कोखराज थाने पर धरना प्रदर्शन कर घेराव किया। कोखराज थाना पर ब्राम्हण समाज के धरना प्रदर्शन और थाने के घेराव की खबर की जानकारी के बाद एसपी के आदेश पर पुलिस ने प्रधान पुत्र और पति समेत हमलावर समाज के एक दर्जन नामजद एवम 35 से 40 अज्ञात के खिलाफ कई धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। गौरतलब है कि कोखराज थाना क्षेत्र के निधियांवा गांव में शनिवार की सुबह बृज बिहारी पांडेय के घर पर गांव के ही सैकड़ो पासी समाज के लोग चढ़ गए और गाली गलौच करते हुए फायरिंग की,फायरिंग में वहा से गुजर रहे स्कूली बच्चे समेत बृज बिहारी की पुत्री सहित कई को गोली के छर्रे लग गए और वह घायल हो गए थे। प्रधान पुत्र और पति के आतंक के चलते इस दौरान जान बचाने के लिए ब्राम्हण परिवार किसी तरह से भाग गया।जिसके बाद पुलिस ने ब्राम्हण परिवार पर एसीएसटी सहित कई गंभीर धारा में अलग अलग दो मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन ब्राम्हण परिवार की शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की,जिससे आक्रोशित होकर ब्राम्हण समाज सेना के नेतृत्व में सैकड़ो ब्राम्हण समाज के लोग रविवार की सुबह कोखराज थाना पहुंच गए और प्रदर्शन कर थाना का घेराव किया। इस दौरान कोखराज थाना प्रभारी इंद्रदेव ने प्रदर्शनकारियों को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन ब्राम्हण समाज के लोग मुकदमा दर्ज कराने को लेकर अड़े रहे।इसकी जानकारी जब एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव को हुई तो उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित किया,जिसके बाद ब्राम्हण परिवार बृज बिहारी पाण्डेय की पत्नी की तरफ से गांव के प्रधान पुत्र और पति समेत एक दर्जन नामजद एवम 35 से 40 अज्ञात पर पुलिस ने कई धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

## स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शासन को चकमा देने में फिर हो गये कामयाब

### जिन अफसरों पर साठगांठ का आरोप उन्हीं से जांच कैसे होगा हकीकत का खुलासा

**कौशांबी।** सरकारी अस्पताल की चौपट व्यवस्था डॉक्टर की उपस्थिति ना होने पर शासन ने मामले को गंभीरता से लिया और जांच कराने का निर्देश दिया लेकिन शासन के निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जांच की गोपनीयता भंग कर दी जिससे जांच के दौरान चिकित्सक अस्पताल में मिल गए हैं शासन को चकमा देने में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एक बार फिर सफल हो गए हैं लेकिन स्वास्थ्य व्यवस्था नहीं सुधरी है समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकत्सा अधिकारी द्वारा सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का रात्रकालीन निरीक्षण हेतु भेजा गया जिसमें डॉक्टर सनत कुमार झा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सिराथू डॉक्टर संजय चंद्रा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सरसावा, डॉक्टर हिंद प्रकाश मणी उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी मूरतगंज, डॉक्टर हिमांशु भूषण उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी नेवादा, डॉक्टर राहुल सिंह उपमुख चिकित्सा अधिकारी कड़ा, डॉक्टर अजय कुशवाहा उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी चायल के द्वारा रात्रि कालीन निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान आकस्मिक ड्यूटी रोस्टर के अनुसार समस्त कर्मी उपस्थित पाए गए कई कई महीने अस्पताल न पहुंचने वाले कर्मचारी और डॉक्टर भी जांच में मिल गए जिससे स्वास्थ्य विभाग के जांच अधिकारियों के निष्ठा पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं निरीक्षण के दौरान कई कमियां भी पाई गई जिसका निस्तारण एक सप्ताह के अंदर कराने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में जनपद हेतु शासन द्वारा नामित संयुक्त निदेशक डॉ बी पी सिंह के द्वारा दो दिवसीय निरीक्षण 22 एवं 23 सितंबर को किया गया जिसमें उनके द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेवादा एवं मूरतगंज का निरीक्षण किया गया, जिसमें कार्य संतोष जनक पाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू के ऑक्सीजन प्लांट की मेंन लाइन से विद्युत आपूर्ति बाधित थी। निरीक्षण के दौरान मिली इन कमियों को संबंध में संयुक्त निदेशक द्वारा जिला अधिकारी को भी अवगत कराया गया है। जिला अधिकारी द्वारा शिकायत निराकरण हेतु विद्युत विभाग विभाग को निर्देशित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग में सरकारी चिकित्सकों की उपस्थिति ना होने के बाद समाचार प्रकाशन को संज्ञान में लेकर शासन में जांच कराई लेकिन एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शासन को चकमा देने में कामयाब हो गए हैं।

## वृद्ध की हत्या के मामले में पड़ोसियों के अलग-अलग बयान बयाँ कर रहे हैं कुछ अलग कहानी

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के शेरगढ़ गांव में 2 दिन पहले वृद्ध राम कैलाश निषाद की हत्या के मामले में परिवार के बच्चा समेत पड़ोस की महिलाओं के अलग-अलग बयान आ रहे हैं जिससे यह कहना जल्दबाजी होगी कि हत्या किसने की है जिसने मुकदमा दर्ज कराया है उसका कहना है कि वह मजदूरी करने इलाहाबाद गया था किसके यहां वह मजदूरी करने गया था उस व्यक्ति से बात करके किसके साथ वह वापस लौटा लौटते वक्त उसको सड़क से घर तक आते किन लोगों ने देखा घर में घटना की जानकारी उसको किसके मोबाइल नंबर से कितने बजे दी गई और मजदूरी स्थल से उसको गांव तक लौटने में कितना समय लगेगा जबकि असरवाल से गांव तक आने का कोई साधन नहीं है उसने किसकी मोटरसाइकिल से गांव तक आने में मदद मांगी है हत्या के 40 मिनट के अंदर वह घर पर मौजूद था वह समय पर घर पहुंचा या समय से पहले वह पहुंच गया मृतक के पुत्र के फोन की कॉल डिटेल से वृद्ध की हत्या के तमाम अहम सुराग मिल सकते हैं इस तरह के तमाम जांच से मृतक के पुत्र के बयान की तस्दीक की जा सकती है बयान देने वाला बच्चा मौके पर मौजूद था या नहीं यह बड़ी जांच का विषय है यदि बच्चा मौके पर मौजूद नहीं था तो वह चश्मदीद गवाह नहीं हो सकता है मृतक परिवार की महिलाएँ और अन्य लोग भी घटना स्थल पर मौजूद नहीं थे तो फिर बिना चश्मदीद के कैसे हत्यारो की पहचान हो गई उनको नामजद किस आधार पर कर दिया गया इस मुकदमे को दर्ज करने में सवाल खड़े हो गए हैं तमाम लोगों से पूछताछ के बाद तीन लोगों को नामजद किया है लेकिन पुलिस चौथे व्यक्ति को भी गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है जिससे चौथे व्यक्ति

**जीजा पर आशंका के चलते साले को पुलिस कर रही प्रताड़ित, मृतक के पुत्र के फोन की कॉल डिटेल से वृद्ध की हत्या के मिल सकते हैं अहम सुराग**

के साले गनेश प्रसाद निवासी लोधउर को पुलिस ने अपने हिरासत में ले रखा है पड़ोसियों के अलग-अलग बयान घटना की कहानी में कुछ नए मोड की ओर इशारा कर रहे हैं यदि पड़ोसियों के अलग-अलग बयान पर पुलिस एक-एक लोगों के बयान को अलग-अलग दर्ज कर उसकी सूक्ष्म जांच कराए तो तमाम नई कहानी उजागर हो सकती है। पिपरी थाना क्षेत्र के शेरगढ़ गांव में दो दिन पहले वृद्ध राम कैलाश की हत्या के मामले में पुलिस को आशंका है कि चंद्रभान हत्या में शामिल था लेकिन चंद्रभान की आशंका पर पुलिस उसके साले गनेश प्रसाद निवासी लोधउर को गिरफ्तार कर लाई है और साले को परेशान कर रही है सवाल उठता है कि चंद्रभान वृद्ध राम कैलाश की हत्या में शामिल था या नहीं था यह तो चंद्रभान की गिरफ्तारी और मृतक के परिजनों के बयान पर निर्भर है लेकिन चंद्रभान के साले गनेश प्रसाद का क्या गुनाह है जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है चंद्रभान के साले की गिरफ्तारी को लेकर मृतक के परिवार वालों ने भी किसी प्रकार की सूचना तहरीर नहीं दी है फिर भी चंद्रभान के साले को पुलिस बलपूर्वक पकड़ लाई है और उससे मारपीट कर गुनाह कबूल करवाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है इससे चंद्रभान के साले का परिवार परेशान है लेकिन पुलिस गिरफ्तार व्यक्ति के परिवार की कोई बात सुनने को तैयार नहीं है।

## हलछठ पर्व पर 5 लाख माताओं ने पूजन कर रक्खा व्रत

### भगवान विष्णु के अवतार भगवान बलराम के जन्म दिवस के रूप में हल षष्ठी (ललही छठ) का महिलाओं ने मनाया त्योहार

**तिल्हापुर मोड़ कौशाम्बी।** हलछठ या ललही छठ पर्व पर जिले के मनौरी तिल्हापुर मोड़ सराय अकिल चायल नेवादा हर्रायपुर मूरतगंज भरवारी सिराथू मंझनपुर अझुवा सैनी कड़ा करारी चरवा पश्चिम शरीरा सहित जिले के कस्बा बाजार से ले कर गांव गांव में बड़े धूमधाम से ललही छठ पर्व पर लगभग 5 लाख माताओ ने पूजन अर्चन कर उपवास रक्खा है संतान और परिवार के लोगों की शांति तरक्की और दीघार्यु के लिए महिलाओं ने व्रत रखा है। यह व्रत पुत्रवती स्त्रियां रखती हैं। मान्यताओं के अनुसार जो महिलाएं सच्चे मन से यह व्रत रखती हैं तो उसकी संतान दीघार्यु होती है, उसे तरक्की मिलती है। धन ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है।हिन्दू पंचांग के अनुसार प्रतिवर्ष श्री कृष्ण जन्माष्टमी से 1 या 2 दिन पूर्व हल षष्ठी व्रत पड़ता है। बलराम या बलदाऊ जयंती अथवा



हल षष्ठी का पर्व 24 अगस्त, दिन शनिवार को मनाया गया धर्मशास्त्रों के मुताबिक द्वापर युग में भगवान बलराम सृजन के देवता थे। श्री कृष्ण के बड़े भ्राता और भगवान विष्णु के अवतार भगवान बलराम के जन्म दिवस के रूप में हल षष्ठी अथवा हल छठ का त्योहार कौशाम्बी जनपद में हिन्दुओ के प्रत्येक घर मे हर्षोल्लास से मनाया जाता है। धार्मिक मतानुसार भाद्रपद कृष्ण षष्ठी तिथि को हलषष्ठी या हलछठ ललही छठ का यह पर्व मनाया जाता है। इस दिन को चंद्र षष्ठी, बलदेव छठ, ललई षष्ठी और रंधन षष्ठी भी कहते हैं। इस दिन माताएं अपनी संतान की रक्षा के लिए व्रत रखती हैं। इसी दिन भगवान कृष्ण के बड़े भाई श्री बलराम का जन्म हुआ था महिलाओं द्वारा व्रत-उपवास रखने से पुत्र को लंबी आयु और समृद्धि प्राप्त होती हैं मान्यतानुसार संतान की रक्षा के लिए यह व्रत अधिक महत्वपूर्ण होने के कारण संतान के जीवन के कष्ट नष्ट हो जाते हैं। यह व्रत पुत्रवती स्त्रियों को विशेष तौर पर करना चाहिए। इस दिन महुए की दातुन करना चाहिए। इस दिन गाय के दूध व दही का सेवन करना वर्जित कहा गया है। इस दिन हल पूजा का विशेष महत्व माना गया है।

हल छठ के दिन हल से उत्पन्न अन्न और फल नहीं खाना चाहिए। हलछठ पर दिनभर निर्जला व्रत रखने के बाद शाम को पसही के चावल या महुए का लाटा बनाकर पारणा करने की मान्यता है। यह व्रत रखने से बलराम यानी शेषनाग का आशीर्वाद प्राप्त होता है और संतान बलराम की तरह ही बलशाली होती है।

## 2022 से बना सर्वाजनिक शौचालय आज तक नही हुआ चालू

**कौशाम्बी।** नेवादा विकास खण्ड के दरहा ग्राम पंचायत सहित दर्जनों गांव में वर्ष 2022 में सार्वजनिक शौचालय बनाने में सरकार के खजाने से करोड़ों रुपए की रकम खर्च कर दी गई लेकिन 2 वर्ष से अधिक बीत जाने के बाद शौचालय का उपयोग ग्रामीणों को नहीं मिल सका है जिससे सरकारी व्यवस्था की खामियों का अंदाजा लगाया जा सकता है बताया जाता है कि मानक विहीन घटिया निर्माण कराया गया है जिससे शौचालय उपयोग लायक नहीं है और घटिया निर्माण की कमी को छुपाने के लिए सार्वजनिक शौचालय में ताला बंद कर दिया गया है जिससे उपयोग नहीं आ रहा है आखिर इस तरह के सामुदायिक शौचालय बनाने का क्या मतलब निकला जिसका 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी उपयोग नही लिया जा सका मामले को लेकर यदि जांच कराई गई तो तत्कालीन ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर सामुदायिक शौचालय निर्माण में हेरा फेरी धांधली उजागर होगी और दोनों पर मुकदमा दर्ज हो गा उनकी गिरफ्तारी होगी लेकिन जिम्मेदार इनके कारनामे पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहे हैं तो

**पचांयत भवन का समान सोलर पैनल बैटरी सीसी कैमारा फर्नीचर कुर्सी आदि समान ग्राम प्राधान के घर पर सहज जन सेवा केद्र के संचालन की बढ़ा रहा है शोभा**




कैसे ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव के भ्रष्टाचार पर कार्यवाही होगी। सामुदायिक शौचालय की धांधली के दरहा ग्राम पचांयत भवन मे कोई काम नही हो रहा है और कैसे होगा पचांयत भवन का समान सोलर पैनल बैटरी सीसी कैमरा फर्नीचर कुर्सी आदी समान ग्राम प्रधान के घर पर सहज जन सेवा केद्र के संचालन की शोभा बढ़ा रहा है तो पचांयत भवन मे काम कैसे होगा अंधेर गर्दी की हद तो तब हो गई जब पचांयत सहायक भी बिना कोई काम के सरकार से वेतन हर माह ले रहा है अब सवाल खडा होता है कि ग्राम सचिव किसके दबाव मे आकर गलत रिपोर्ट लगा रहा है एक लाख 75 हजार का समान पचांयत भवन मे सरकार ने दे रखा है और 12 लाख पचांयत भवन बनाने में खर्च किया गया कि गाँव के लोग अपना पचायत सहायक के मध्यम से काम करा सके लेकिन अधिकारी आंख में पटटी बांधकर आते और जाते है ग्रामीणों का पंचायत भवन में काम नही हो रहा है सवाल उठ रहा है कि पचांयत भवन का समान खरीदा गया तो कहां पर उपयोग हो रहा है इसका किसी के पास जवाब नही है।

### मनौरी के वर्मा बंधुओ के विरुद्ध धोखाधड़ी फ्राड का मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के महमूद पुर मनौरी निवासी आनंद कुमार पुत्र अजय कुमार की चरवा थाना क्षेत्र के सैयद सरावा स्थित आराजी संख्या 22 22 व 2238 व 2294 के अभिलेखों में हेरा फेरी करने वाले वर्मा बंधुओ के बिरुद्ध अधिकारियों के आदेश पर धोखाधड़ी फ्राड का मुकदमा थाना पुलिस ने दर्ज कर लिया है और बर्मा बंधुओ की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है पुलिस थाने में दर्ज मुकदमे के मुताबिक अश्वनी वर्मा व अंजनी वर्मा पुत्र राम मूरत वर्मा व हिमांशु वर्मा सचिन वर्मा सतीश चंद्र वर्मा पुत्र राजा राम वर्मा ने उप निबंधक लेखागार सदर प्रयागराज के संग्रहीत भूमि सम्बन्धी रजिस्ट्री के मूल दस्तावेजो में उप निबंधक और उनके कर्मचारियों की साठगांठ नामांतरण बही में हेराफेरी फ्राड कूटरचना कर महमूदपुर निवासी आनंद कुमार पुत्र अजय कुमार की सैय्यद सरावा की जमीन पर कब्जा कर रहे है मामले को लेकर आरोपी वर्मा बंधुओ समेत उप निबंधक और उनके कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस गिरफ्तारी के प्रयास में लगी है।

## नहर के ओवरफ्लो होने और कटने की क्यों आती है समस्या

**कौशाम्बी।** नहरों का ओवरफ्लो होना और नहरों का लगातार कट जाना यह विभाग की लापरवाही के चलते बड़ी समस्या है नहरों की प्रत्येक वर्ष सफाई होती है कटी नहर की मरम्मत होती है मरम्मत और सफाई में करोड़ों का सरकारी बजट खर्च होता है जब नहरों की सफाई मरम्मत होती है तो फिर नहरों के कटने का क्या सवाल उठता है पानी छोड़ने की एक सीमा निर्धारित है जगह-जगह पर वाटर लेवल और माप की मशीन लगाई गई है तो फिर ओवरफ्लो कैसे होता है ओवरफ्लो किसी कर्मचारी अधिकारी की बड़ी लापरवाही से होता है जो अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी तरह से नहीं करता है ओवरफ्लो और नहरों के कटान के चलते खेत की फसल जल मग्न हो जाती है किसानों की फसलों का बड़ा नुकसान होता है नहर कटने ओवरफ्लो होने से गांव में पानी भर जाता है गांव के कच्चे घर प्रभावित होते हैं आम जनता परेशान होती है सड़कों पर चलने लायक नहीं रहता

**सिंचाई विभाग की व्यवस्था इतनी बदतर कि समाचार पत्रों में प्रकाशन के बाद अधिशासी अभियंता करते हैं व्यवस्था में सुधार**

है नहर के कटने ओवरफ्लो होने से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो जाता है तो क्या नहर के कटान को ठीक करना और ओवरफ्लो को बंद करना ही सिंचाई विभाग और नहर विभाग की जिम्मेदारी तक सीमित रह गई है जिसने लापरवाही की है उसे दंडित किए जाने में इतनी उदारता विभागीय अधिकारी क्यों बरत रहे हैं दोबारा ऐसी पुनरावृत्ति ना हो इसलिए ओवरफ्लो और नहर के कटने के मामले में विभागीय दोषियों को दंडित करना होगा। अधिशासी अभियंता,सिंचाई जगदीश लाल का कहना है कि विभिन्न समाचार-पत्रों में दिनांक-12.08.2024 के अंक में किशुनपुर पम्प कैनाल उफनाई,बढ गई किसानों की धड़कनें ₹ अवाना आलमपुर गाँव में भरा पानी₹ शीर्षक से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में अवगत कराया है कि अवाना आलमपुर गाँव में किशनपुर पम्प नहर के ओवर फ्लो को दिनांक-11.08.2024 ठीक करा दिया गया है। अवाना आलमपुर गाँव में किशनपुर पम्प नहर के ओवर फ्लो से कोई पानी नहीं भरा हुआ है। सवाल उठता है कि समाचार पत्र के बाद अधिशासी अभियंता को विभागीय कमियों की जानकारी हुई उसके बाद इन्होंने अव्यवस्था को ठीक कराया है इनके विभागीय कर्मचारी इस बीच में क्या कर रहे थे जिनकी नहरों की देखने के लिए जिम्मेदारी लगाई गई है वह कर्मचारी नहरों के ओवरफ्लो करने और कटने के पहले उन्होंने विभागीय अधिकारियों को मामले की जानकारी क्यों नहीं दी है लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर इन्होंने अभी तक क्या कार्रवाई की है या फिर लापरवाही करने वाले कर्मचारियों के कारनामो पर लीपा पोती करने में अधिशासी अभियंता लगे हुए है।

## विजय कुमार पाण्डेय,प्रभारी सचिव बी-पैक्स गौरा को कार्य में लापरवाही बरतने पर दी गई प्रतिकूल प्रविष्टि

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निदेशानुसार उपायुक्त उद्योग द्वारा बी-पैक्स गौरा,विकास खण्ड नेवादा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में 15 मैट्रिक टन यूरिया बिक्री योग्य नहीं पाई गई, जिसका पास मशीन में इंट्री नहीं किया गया है।सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता राजेन्द्र कुमार ने अवगत कराया है कि वे अपर जिला सहकारी अधिकारी/ तहसील प्रभारी चायल के साथ सयु?क्त रुप से बी-पैक्स गौरा,विकास खण्ड-नेवादा का निरीक्षण किया गया। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता ने अवगत कराया कि समिति को वर्ष 2012-13 में 15 मै०टन नागार्जुन यूरिया प्राप्त हुई है विजय कुमार पाण्डेय प्रभारी सचिव का उत्तरदायित्व था कि यूरिया उर्वरक का सुरक्षित भण्डारण किया जाना चाहिये था, यदि 15 मै०टन (300 बोरी) नागार्जुन यूरिया ब्रिकी योग्य नही था तो विभाग को अवगत कराते हुये तत्समय उसका नियमानुसार निस्तारण कराया जाना चाहिए था। समिति गोदाम में लगभग 180 बोरी यूरिया उर्वरक,जो पूर्णतया नष्ट हो गया है। उसका बिकी मूल्य 160 बोरी 322 प्रति बोरी मु०-51520.00 रु० होता है, जिसके लिये विजय कुमार पाण्डेय, सचिव पूर्णतया उत्तरदायही है। समिति में अवशेष लगभग 140 बोरा यूरिया उर्वरक (नागार्जुन 50 किग्रा०) का निस्तारण रहतिया स्टाक के तहत मुख्यालय से मार्गदर्शन प्राप्त कर कराया जायेगा तथा उत्तरदायित्व का निर्धारण करते हुए नियमानुसार वसूली इत्यादि की कार्यवाही किया जायेगा। विजय कुमार पाण्डेय,प्रभारी सचिव द्वारा 20 अगस्त 2024 को इलाहाबाद डिस्टिक को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड शाखा,मंझनपुर में रुपए -51520 समिति के उर्वरक खाते में जमा कर दिया गया है। विजय कुमार पाण्डेय प्रभारी सचिव द्वारा अपने पदीय दायित्वों का सम्यक निर्वहन / निस्तारण नहीं किये जाने के कारण विजय कुमार पाण्डेय प्रभारी सचिव को मध्यावधि प्रतिकूल प्रविष्टि जारी किया गया है। विजय कुमार पाण्डेय प्रभारी सचिव गौरा बी-पैक्स द्वारा लिखित रुप से दिया गया है कि 140 बोरी यूरिया,जिसका बिकी मूल्य मु0-45080.00 होता है, उसे 12 माह में 04 समान किस्तों में समिति के उर्वरक खाते में जमा कर दूंगा।

### डीएम का निर्देश नहीं मानते तेरहमील पेट्रोल पंप संचालक

**कौशांबी।** पेट्रोल अटैक होने के बाद बोतल में पेट्रोल देने पर पूर्व जिलाधिकारी ने पूरी तरह से रोक लगाई है लेकिन पेट्रोल पंप में डीएम के निर्देशों का पालन होता नहीं दिख रहा है। कुछ रुपए कमाई की लालच में पंप संचालक अधिकारियों के निर्देशों की धज्जियां उड़ाने में संकोच नहीं कर रहे हैं चायल तहसील क्षेत्र के मे० हमारा पंप ललिता फिलिंग स्टेशन तेरहमील में जिला अधिकारी के निर्देश की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है एचपी के इस पेट्रोल पंप में ग्राहकों को खुलेआम बोतल में पेट्रोल दिया जा रहा है पेट्रोल पंप की जांच करने वाले अधिकारी अंजान बने हुए हैं पेट्रोल ले जाने वाले लोग पेट्रोल का उपयोग कहां करते हैं यह जांच का विषय है बीते दिनों पेट्रोल अटैक होने के बाद बोतल में पेट्रोल देने में डीएम ने रोक लगाई थी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कंपनी के अधिकारी भी पेट्रोल पंप संचालक की मनमानी पर रोक नहीं लगा पा रहे हैं। ग्राहकों की मानें तो इस पंप में मिलावट खोरी और नाप में कमी भी आम बात हो गई है नाप के समय मीटर जंप कर रहा है। सूत्रों की मानें तो मशीनों में चिप लगाई गई है लेकिन बांट माप अधिकारी से लेकर पूर्ति विभाग के अधिकारियों ने भी पंप की जांच कर अव्यवस्था में सुधार करने का प्रयास नहीं किया है। इस पेट्रोल पंप में सब कुछ मनमानी तरीके से चल रहा है।

## गढ्ढे में सड़क कि सड़क में गढ्ढा कह पाना मुश्किल

### जनता ने भाजपा नेता को प्रधान इसलिए चुना था की समस्याएं होंगी दूर, योगी मोदी सरकार की बेहतर कार्य व्यवस्था पर खड़े हो गए सवाल

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के दानपुर ग्राम सभा में भाजपा नेता को जनता ने प्रधान इसलिए चुना था कि गांव की समस्या का समाधान होगा सड़क नाली इंटरलॉकिंग की बेहतर व्यवस्था होगी लेकिन वर्षो बीत जाने के बाद भी दानपुर गांव में समस्याओं से आम जनता परेशान है और जनता की समस्या दूर करने की ओर ग्राम प्रधान तनिक भी रुचि नहीं ले रहे हैं जिससे योगी मोदी सरकार की बेहतर कार्य व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं ग्रामीणों ने बताया कि दानपुर गांव के बड़ा पथरा में सड़कों की हालत यह है कि इस पर पैदल और साइकिल से चलना मुश्किल है इसी सड़क से लोग बाजार जाते हैं इसी सड़क से लोग अस्पताल जाते हैं इसी सड़क से विद्यार्थी विद्यालय जाते हैं सड़क की दुर्दशा स्ो लोगों को



प्रतिदिन परेशान होना पड़ता है लेकिन खराब सड़क की मरम्मत कराए जाने की ओर ना तो ग्राम प्रधान का ध्यान जा रहा है और ना ही विभागीय अधिकारी सड़क की मरम्मत करा कर जनता को सड़क की समस्या से राहत देने का प्रयास कर रहे हैं ग्रामीणों का कहना कि सड़क की दुर्दशा की हालत यह है कि गड्ढे में सड़क है कि सड़क में गड्ढा हो गया है इसको कह पाना मुश्किल ही नही नामुमकिन हो गया है जबकि गांव के विकास के लिए भारी भरकम बजट सरकार से आ रहा है विभिन्न योजनाएं बना कर खर्च किया जा रहा है लेकिन गांव में जमीनी हकीकत में विकास योजनाएं नहीं दिखाई पड़ रही है इलाके के लोगों ने गांव की बदतर व्यवस्था की ओर शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए बेहतर व्यवस्था बनाए जाने की मांग की है।

## सम्पादकीय

### मोदी दुनिया के एकमात्र ऐसे नेता हैं जो युद्ध के बीच रूस और यूक्रेन, दोनों जगह हो आये हैं

**देखा** जाये तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन यात्रा पर दुनिया भर की निगाहें रहीं। खास बात यह रही कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस बात के निर्देश दे रखे थे कि जब तक मोदी यूक्रेन में हैं तब तक वहां कोई हमला नहीं किया जाये।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यूक्रेन दौरा कई मायनों में अहम रहा। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यूक्रेन यात्रा भर नहीं थी बल्कि मोदी से पहले शायद ही किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने किसी युद्धग्रस्त देश की यात्रा की होगी। यही नहीं, मोदी ही पहले ऐसे भारतीय प्रधानमंत्री भी हैं जिन्होंने दो देशों के बीच चल रहे युद्ध को शांत करवाने के लिए बढ़-चढ़कर प्रयास किये हों। इसे अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की शानदार मिसाल नहीं तो और क्या कहेंगे कि मोदी एक तरफ रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मित्रता निभा रहे हैं तो दूसरी ओर युद्ध से त्रस्त और पस्त यूक्रेन को मानवीय मदद भी मुहैया करा रहे हैं। यही नहीं, आप दुनिया के किसी भी देश को देख लीजिये या तो वह यूक्रेन के साथ है या रूस के। लेकिन मोदी के नेतृत्व वाला भारत दोनों देशों के साथ खड़ा है। मोदी से पहले दुनिया के बड़े-बड़े राष्ट्राध्यक्षों ने भले युद्धग्रस्त यूक्रेन का दौरा किया हो लेकिन भारतीय प्रधानमंत्री पहले ऐसे विश्व नेता बन गये हैं जो युद्ध के बीच रूस और यूक्रेन, दोनों जगह हो आये हैं और दोनों ही जगह उन्होंने शांति का संदेश दिया है।

देखा जाये तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन यात्रा पर दुनिया भर की निगाहें रहीं। खास बात यह रही कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस बात के निर्देश दे रखे थे कि जब तक मोदी यूक्रेन में हैं तब तक वहां कोई हमला नहीं किया जाये। इसके चलते आज यूक्रेन में दिन भर कहीं भी सायरन की आवाज नहीं सुनाई दी बल्कि अमन और चैन नजर आ रहा था जिसके चलते यूक्रेनी जनता खुश नजर आ रही थी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि जब रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ था तब प्रधानमंत्री मोदी की अपील पर ही युद्ध को कुछ समय के लिए रोका गया था ताकि भारतीय छात्र और नागरिक सुरक्षित रूप से वहां से निकल सकें।

आज जब गांधी और महात्मा बुद्ध की धरती के प्रधानमंत्री युद्धग्रस्त देश पहुँचे तो अमन का पैगाम लेकर गये। उनके स्वागत को आतुर हर व्यक्ति यही उम्मीद कर रहा था कि मोदी ही रूस को समझा सकते हैं और इस क्षेत्र में स्थायी शांति ला सकते हैं। खुद राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की जिस बेसब्री के साथ मोदी का इंतजार कर रहे थे और जिस तरह रूस के द्वारा दिये गये जख्मों को मोदी को दिखा रहे थे उससे साफ प्रकट हो रहा था कि जेलेंस्की की आखिरी उम्मीद भी मोदी ही हैं। जेलेंस्की के कंधे पर हाथ रखे मोदी जब यूक्रेन में तबाही का मंजर देख कर भावुक हुए तो यूक्रेनवासियों को भी लगा कि हमारे दर्द को समझने वाला कोई विश्व नेता आ गया है।

# हिंदू समाज को एकजुट करने के लिए सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना होगा

**मृत्युंजय दीक्षित**

**कांग्रेस** और इंडी गठबंधन जिसकी अधिकांश पार्टियाँ जाति आधारित हैं अपने मतदाताओं को जोड़े रखने के लिए आरक्षण के बहाने जाति का कार्ड खेल रही हैं। कांग्रेस और भी नीचे जाकर इस जाति कार्ड को संविधान की रक्षा का नाम दे रही है और एक भ्रमजाल फैला रही है। अट्ठारवीं लोकसभा के लिए भारत की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ सराकर चलाने का निर्णय तो दिया किन्तु साथ ही विपक्ष भी अपनी सीटें बढ़ाने में सफल रहा। बढ़ी हुई सीटों के साथ आक्रामक विपक्ष यह दिखाने का प्रयास कर रहा है कि जनता ने उन्हें संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए चुना है जबकि वास्तविकता ये है कि उनकी बढ़ी हुई सीटें एक वर्ग के उनके झूठ में फँस जाने के कारण आई हैं ।विपक्ष को अपनी बढ़ी हुई सीटों के कारण यह आत्मविश्वास मिल गया है कि अब आरक्षण और जाति के आधार पर भाजपा, संघ व हिंदुत्व को कमजोर कर-के सत्ता प्राप्त की जा सकती है। विपक्ष के लिए जातिगत मुद्दे सत्ता प्राप्ति का मार्ग हो सकते हैं किन्तु हिन्दू समाज के अस्तित्व के लिए इन मुद्दों का उभार एक बड़े संकट का आरम्भ है।

कांग्रेस और इंडी गठबंधन जिसकी अधिकांश पार्टियाँ जाति आधारित हैं अपने मतदाताओं को जोड़े रखने के लिए आरक्षण के बहाने जाति का कार्ड खेल रही हैं। कांग्रेस और भी नीचे जाकर इस जाति कार्ड को संविधान की रक्षा का नाम दे रही है और एक भ्रमजाल फैला रही है। लोकसभा चुनावों से पहले किया गया झूठ का प्रयोग अब और व्यापक हो रहा है, राहुल गांधी जिस प्रकार की बयानबाजी कर रहे हैं उससे यह प्रतीत हो रहा है कि कांग्रेस अब पूरी तरह से टुकड़े टुकड़े गैंग का विस्तरित रूप ले चुकी है।

विगत दिनों ऐसी कई महत्वपूर्ण घटनाएं घटी हैं जिन पर कांग्रेस व इंडी गठबंधन के नेताओं का रुख जाती और आरक्षण के नाम पर देश को अराजकता में झोंकने वाला रहा है। इंडी गठबंधन के विभिन्न दलों के नेता तथा हर बात पर जाति पूछ रहे हैं और हर चर्चा को उसी धारा में मोड़ने का विकृत प्रयास कर रहे हैं। राहुल गाँधी द्वारा संसद के बजट सत्र में, बजट टीम का चित्र दिखाकर उसमें अधिकारियों की जाति पूछना एक ऐसा ही निंदनीय और घृणित प्रयास था ।

सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की बेंच ने 6-1 से आरक्षण में क्रीमीलेयर के मुद्दे पर कुछ व्यावहारिक सुझाव दिये थे फैसला नहीं दिया था और ये सुझाव तत्काल लागू भी नहीं किये जा रहे थे और इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने भी तत्परता दिखाते हुए एस.सी./एस.टी. व दलित सांसदो को भरोसा दिलाया था कि यह फैसला फिलहाल लागू नहीं किया जा रहा है। उस समय बसपा नेत्री मायावती ने केंद्र सरकार की सराहना की थी किंतु शीघ्र ही इस विषय पर उनका दोहरा मापदंड सामने आ गया । बसपा नेत्री मायावती को इस मुद्दे की आड़ में राजनीति में तीसरी ताकत बनने का सपना आ गया और उन्होंने कुछ दलित संगठनों द्वारा इस पर बुलाए गये बंद का समर्थन कर दिया।

विपक्ष ने केवल अपने निहित स्वार्थ व तुष्टिकरण की राजनीति के चलते भारत बंद बुलाया जो कहीं सफल और कहीं पूरी तरह से नाकाम हो गया। विपक्ष द्वारा आयोजित भारत बंद को कहीं भी आम जनता का पूर्ण समर्थन नहीं मिला । सुप्रीम कोर्ट के सुझावों के खिलाफ बुलाया गया बंद केवल अपनी अपनी राजनीति चमकाने के लिए किया गया था। भारत बंद के दौरान राजनीतिक दलों के नेताओं व उनके प्रवक्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के विरोध और उनकी छवि को खराब करने के कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। इस बीच स्वयंभू किसान नेता राकेश टिकैत ने मीडिया पर बंगाल की घटना को बेवजह हाईलाइट करने का आरोप तक लगा दिया। राकेश टिकैत कह रहे हैं कि मोदी सरकार को बहुत जल्दी हम बांग्लादेश की तरह निपटा देंगे। जिस दिन हम ट्रेक्टर लेकर लाल किला गये थे उसी दिन निपटा देते अगर हम अपने ट्रैक्टर संसद भवन की ओर घुमा देते। बिहार में भारत बंद के नाम पर भारी अराजकता देखी गई जहाँ इंडी गठबंधन में शामिल सभी दलों के अपराधिक प्रवृत्ति के लोग सड़कों पर हुडदंग ही कर रहे थे, ये लोग बच्चों से भरी स्कूल बस में आग लगाने का प्रयास करते भी देखे गए।



यूपीएससी द्वारा 45 पदों पर विशेषज्ञों की सीधी भर्ती पर निकाले गए विज्ञापन के बाद भी इंडी गठबंधन, भाजपा संविधान विरोधी है, भाजपा आरक्षण समाप्त कर रही है का नारा बुलंद करने लगा। वहीं सोशल मीडिया पर दिन रात झूठे विमर्श गढ़ने वाली राहुल गांधी की टीम ने लिखा कि केंद्र सरकार परोक्ष रूप से संघ के लोगों की भर्ती करने जा रही है। इंडी गठबंधन इस मामले को भी बांग्लादेश व श्रीलंका की तरह हल करने की वकालत करने लगा। भारत सरकार की नौकरशाही में सीधी भर्ती कोई नई बात नहीं है 1970 के दशक से ही सीधी भर्ती होती रही है, पहले यह भर्तियां कांग्रेस नेताओं की सिफारिश पर हो जाती थीं तथा कोई विज्ञापन भी नहीं निकाला जाता था। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और मोटेंक सिंह अहलूवालिया इसके प्रमुख उदाहरण हैं। अन्य प्रमुख लोगों में राहुल गांधी के गुरू सैम पित्रोदा और वी कृष्णमूर्ति, अर्थशास्त्री विमल जालान, कौशिक बसु ,अरविंद विरमानी, रघुराम राजन जैसी हस्तियां शामिल रही हैं। 45 सीधी भर्तियों का विरेध केवल इसलिए किया गया है क्योंकि अब राहुल गांधी के गुरू सैम पित्रोदा को इसमें जगह नहीं मिलने जा रही थी।

कांग्रेस के शासनकाल में कभी भी आरक्षण नीति का ठीक ढंग से पालन ही नहीं किया गया कांग्रेस केवल अपनी राजनीति चमकाने और सत्ता प्राप्त करने के लिए इस पर हल्ला करती रही। वैसे भी अब प्रधानमंत्री के सीधे हस्तक्षेप के बाद यह विज्ञापन वापस ले लिया गया है और फिलहाल कांग्रेस के हाथ से भी यह मुद्दा निकल गया है।

कांग्रेस और इसका इंडी गठबंधन जाति जनगणना के नाम पर भी देश को गुमराह कर रहा है जबकि संसद में कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी ही जाति नहीं बता पा रहे हैं। अखिलेश यादव तो संसद में ही चीखने लगे, आप जाति कैसे पूछ सकते हैं? सच तो ये है कि अगर कांग्रेस ने अपने 70 वर्षो के शासनकाल में एससी - एस टी, ओबीसी, दलित समाज की रंचमात्र भी चिंता की होती तो आज देश के ऐसे हालात न होते।कांग्रेस ने हमेशा इनका हक मारा और झूठ की बुनियाद पर देश पर राज किया। कांग्रेस की गलतियों और गांधी परिवार की तानाशाही के कारण ही सपा, बसपा, राजद, जद (यू ) सहित तमाम क्षेत्रीय दलों का उदय हुआ।

इधर उत्तर प्रदेश में जब से सपा के लोकसभा सांसदों की संख्या बढ़ी है तब से वह पीडीए- पीडीए का हल्ला कर रही है और अपने आपको पिछड़ों का सबसे बड़ा मसीहा साबित करने का प्रयास कर रही है। प्रदेश में पहले सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव और बाद में अखिलेश यादव ने भी सीधी भर्तियां करी थीं । अखिलेश यादव ने तो प्रमोशन में आरक्षण तक का कड़ा विरोध किया था। वही अखिलेश यादव अब आरक्षण व जाति के नाम पर पीडीए को गुमराह कर रहे हें। समाजवाद का पीडीए अब केवल परिवारवाद और अल्पसंख्यकवाद बनकर रह गया है।

कर्नाटक में कांग्रेस के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया जो भ्रष्टाचार व घोटालों में आकंठ डूबे हैं जाति कार्ड खेलकर अपने आप को बचान चाहते हैं। उनका कहना है कि वह ओबीसी यानि पिछड़ी जाति से आते हैं इसलिए जानबूझकर उन्हें फंसाया जा रहा है।

इतना ही नहीं राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी अब आपराधिक घटनाओं पर भी जाति की ही बात कर रही है ।

# भारतीय बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति चिन्ताजनक

**ललित गर्ग ।**

**स्कूली** बच्चों में पिछले कुछ समय से हिंसक प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है, जो समाज के लिए खतरे की घंटी से कम नहीं है। मनोविज्ञानी यह मानते हैं कि मोबाइल पर पबजी जैसे खतरनाक गेम और वेब सीरीज बच्चों को हिंसक बना रही है।

भारतीय बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति चिन्ताजनक है। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। कई घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। अमेरिका की तर्ज पर भारत के बच्चों में हिंसक मानसिकता का पनपना हमारी शिक्षा, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचना पर कई सवाल खड़े करती है। यह दुष्प्रवृत्ति बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन पर तो नकारात्मक प्रभाव डाल ही रही है, इसे भविष्य में समाज की शांति के लिए बड़ा खतरा भी मानना चाहिए। राजस्थान के उदयपुर के स्कूल में दो छात्रों के आपसी विवाद में चाकू मारने से एक छात्र की मौत भी बच्चों में पनप रहे इसी हिंसक बर्ताव का घिनौना एवं घातक रूप है।




बड़ा सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता एवं हिंसा पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है! पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मनःस्थितियों के बारे में सरकार, समाजकर्मी एवं अभिभावक क्या समाधान खोज रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा? बच्चों के बस्ते की औचक जांच की व्यवस्था की अपनी अहमियत हो सकती है। मगर जरूरत इस बात की है कि बच्चों के भीतर बढ़ती हिंसा और आक्रामकता के कारणों को दूर करने को लेकर गंभीर काम किया जाए। उदयपुर की घटना के पूरे मामले की पुलिस अपने तरीके से जांच करेगी, लेकिन किशोर अवस्था में ऐसी घटना को अंजाम देने के पीछे बच्चे की मानसिकता का पता लगाना भी ज्यादा जरूरी है। तहकीकात स्कूल की व्यवस्थाओं की भी होनी चाहिए कि आखिर बच्चा स्कूल में हथियार लेकर कैसे आ गया? इसमें दो राय नहीं कि किशोरवय में राह भटकने का खतरा ज्यादा रहता है। उम्र के इस पड़ाव पर उनको सही राह दिखाने की जिम्मेदारी परिजन और शिक्षक की ही होती है। आज दोनों ही कहीं न कहीं अपनी जिम्मेदारी से दूर होते नजर आ रहे हैं। स्कूल में केवल किताबी ज्ञान पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। वहीं अर्थप्रधान दुनिया में माता-पिता के पास बच्चों के साथ बिताने के लिए समय ही नहीं बच पा रहा। ह्यमन जो चाहे वही करोह्ल की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वछन्द हो जाते हैं। ह्यमूड ठीक नहींह्ल की स्थिति में घटना सिर्फ घटना होती है, वह न सुख देती है और न दुःख। ऐसी स्थिति में बच्चे अपनी अनंत शक्तियों को बौना बना देता है। यह दकियानूसी ढंग है भीतर की अस्तव्यस्तता को प्रकट करने का। पारिवारिक एवं सामाजिक उदासीनता एवं संवादहीनता से ऐसे बच्चों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता। वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे बच्चों में मान-मयार्दा, शिष्टाचार, संबंधों की आत्मीयता, शांतिपूर्ण सहजीवन आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। भारतीय बच्चों में इस तरह का एकाकीपन उनमें गहरी हताशा, तीव्र आक्रोश और विषैले प्रतिशोध का भाव भर रहा है। वे मानसिक तौर पर बीमार बन रहे हैं और अपने पास उपलब्ध खतरनाक एवं घातक हथियारों का इस्तेमाल कर हत्याकांड कर बैठते हैं। शिक्षकों और परिजनों से संवादहीनता के चलते बच्चों ने मोबाइल फोन और सोशल मीडिया को संवाद का जरिया बना लिया है। कई बार टी.वी. पर हिंसक कार्यक्रम देखने आदि से बच्चों में हिंसक व्यवहार बढ़ जाता है। घर में लगातार बंदूकें, चाकू आदि देखते रहने से भी बच्चों का व्यवहार हिंसक हो जाता है। वैसे भी अगर बच्चों को किसी भी बात के लिए मना नहीं करेंगें, टोकेंगें नहीं तो उन्हें अच्छे-बुरे की पहचान कैसे होगी। एक ऑनलाइन सर्वे में माता-पिता ने कहा था कि बच्चों को गलत काम की सजा भी मिलनी चाहिए, वरना उनके मन में किसी भी बात के लिए डर नहीं रहेगा और हो सकता है वे ऐसे अपराधों को भी अंजाम देने लगें, जिनके परिणामों के बारे में उन्हें पता नहीं।

स्कूली बच्चों में पिछले कुछ समय से हिंसक प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है, जो समाज के लिए खतरे की घंटी से कम नहीं है। मनोविज्ञानी यह मानते हैं कि मोबाइल पर पबजी जैसे खतरनाक गेम और वेब सीरीज बच्चों को हिंसक बना रही है। लेकिन, इसके पीछे न सिर्फ स्कूल का वातावरण, बल्कि लाड-प्यार में अंधे अभिभावकों का रवैया भी कम जिम्मेदार नहीं है। बच्चों में हिंसक व्यवहार के संकेत, जैसे गलत भाषा का प्रयोग करना, समझाने पर भी गुस्सा करना, कोई भी बात समझाने पर चीजें फैंकने लगना, मां-बाप को ही मारने दौडना, लोगों के बारे में गलत बोलना, गलत आदतों में पडना, भाई-बहन के लिए स्नेह न रखना, लड़ाकू प्रवृत्ति का होना, हमेशा उदास रहना, संवेदनहीन और चिड़चिड़े रहना, बार-बार जोश में आना आपको नजर आ सकते हैं। एकल परिवारों में माता-पिता इतने व्यस्त होते हैं कि उनके पास बच्चों से बात करने का ज्यादा समय नहीं होता। वे अक्सर इस बात पर भी नजर नहीं रख पाते कि बच्चे क्या कर रहे हैं, क्या खेल रहे हैं, उनके दोस्त कौन-कौन से हैं। दोस्त उन्हें चिढ़ाते भी हैं कि अरे! तुम्हारे माता-पिता कैसे हैं, जो तुम्हें ऑनलाइन खेल भी नहीं खेलने देते। इससे बच्चों में हीनता और अपने घर वालों के प्रति नफरत का भाव पैदा होता है, जो अपराध के रूप में बाहर निकलता है। फिजिकल, ओरल या सैक्सुअल रूप में गलत व्यवहार, घरेलू वातावरण न मिलना, माता-पिता द्वारा बच्चों की अनदेखी, दर्दनाक घटना होने या फिर स्ट्रैस होना, बच्चों को धमकाना, फैमिली प्रॉब्लम, नशीली चीजों का सेवन, शराब और अन्य गलत चीजों के सेवन से बच्चों में आक्रामकता बढ़ सकती है और वे हिंसक हो सकते हैं।

ऑस्ट्रिया के क्लागेनफर्ट विश्वविद्यालय की ओर से किशोरों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि दुनिया भर में 35.8 प्रतिशत से ज्यादा किशोर मानसिक तनाव, अनिद्रा, अकारण भय, पारिवारिक अथवा सामाजिक हिंसा, चिड़चिड़ापन अथवा अन्य कारणों से जूझ रहे हैं। एकाकीपन बढ़ने से वे ज्यादा आक्रामक और विध्वंसक सोच की तरफ बढ़ने लगे हैं। घर में बच्चों के लिए स्वस्थ, सुरक्षित, और प्रेमपूर्ण वातावरण बनाने के साथ अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए। स्कूलों में काउंसलर और मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाता की व्यवस्था होनी चाहिए, जो बच्चों की मानसिक समस्याओं को समझें और उनका समाधान कर सकें। सबसे बड़ी बात यह कि शिक्षकों को बच्चों के आचरण और उनकी समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए प्रशिक्षण देना होगा। ऐसा करने पर वे बच्चों के चाल-चलन की बारीकी से निगरानी कर सकेंगे। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा?

बच्चों से जुड़ी हिंसा की इन वीभत्स एवं त्रासद घटनाओं से जिन्दगी इतनी सहम गयी है कि गलत धारणाओं को मिटाने के लिये इस तरह की विकृत सोच एवं तथाकथित विकास से जुड़े शत्रु को पीठ के पीछे नहीं, सामने रखना होगा।

सोचना होगा कि खुशहाली का पैमाना सिर्फ आर्थिक सम्पन्नता, शक्ति एवं सत्ता नहीं हो सकता। हमें मानवीय मूल्यों के लिहाज से भी विकास की परख करनी होगी। बच्चों के भीतर हिंसा मनोरंजन की जगह ले रही है। इसी का नतीजा है कि छोटे-छोटे स्कूली बच्चे भी अपने किसी सहपाठी से रंजिश के चलते उस पर गोली चलाते देखे गये हैं।

# Putin ने हमले रोकने के दिये निर्देश, यूक्रेनी जनता ने जताई खुशी

**नीरज कुमार दुबे ।**

**हम आपको** बता दें कि अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान पर बातचीत की है जिसके सकारात्मक परिणाम आने वाले दिनों में मिलने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज युद्धग्रस्त देश यूक्रेन की ऐतिहासिक यात्रा की और इस बात को दोहराया कि भारत का दृढ़ता से यह मानना है कि युद्ध के मैदान में किसी समस्या का हल नहीं निकलता। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि किसी भी संकट में निर्दोष लोगों की जान जाना पूरी मानवता के लिए बड़ी चुनौती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि शांति के प्रयासों में भारत सतत भूमिका निभाएगा। उन्होंने रूस और यूक्रेन को बिना समय गंवाए बातचीत करने की भी सलाह दी। हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री की इस यात्रा पर दुनिया भर की निगाहें रहीं। खास बात यह रही कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस बात के निर्देश दे रखे थे कि जब तक मोदी यूक्रेन में हैं तब तक वहां कोई हमला नहीं किया जाये। इसके चलते आज यूक्रेन में कहीं भी सायरन की आवाज नहीं सुनाई दी बल्कि अमन और चैन नजर आ रहा था।

हम आपको याद दिला दें कि जब रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ था तब प्रधानमंत्री मोदी की अपील पर ही युद्ध को कुछ समय के लिए रोका गया था ताकि भारतीय छात्र और नागरिक सुरक्षित रूप से वहां से निकल सकें। आज जब गांधी और महात्मा बुद्ध की धरती के प्रधानमंत्री युद्धग्रस्त देश पहुँचे तो अमन का पैगाम लेकर गये। उनके स्वागत को आतुर हर व्यक्ति यही उम्मीद कर रहा था कि मोदी ही रूस को समझा सकते हैं और इस क्षेत्र में शांति ला सकते हैं। खुद राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की जिस बेसब्री के साथ मोदी का इंतजार कर रहे थे और जिस तरह रूस के द्वारा दिये गये जख्मों को मोदी को दिखा रहे थे उससे साफ प्रकट हो रहा था कि जेलेंस्की की आखिरी उम्मीद भी मोदी ही हैं। जेलेंस्की के कंधे पर हाथ रखे मोदी जब यूक्रेन में तबाही का मंजर देख कर भावुक हुए तो यूक्रेनवासियों को भी लगा कि हमारे दर्द को समझने वाला कोई विश्व नेता आ गया है।



हम आपको बता दें कि अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान पर बातचीत की है जिसके सकारात्मक परिणाम आने वाले दिनों में मिलने की उम्मीद है। मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ पहले आमने-सामने और फिर प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की, जिसमें रूस-यूक्रेन संघर्ष का बातचीत के जरिए समाधान निकालने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया। बाद में दोनों देशों ने चार एतिहासिक समझौतों पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। यह समझौते कृषि, विज्ञान, चिकित्सा और सांस्कृतिक क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने पर हुए। इसके अलावा भारत ने यूक्रेन को मानवीय मदद बढ़ाने की भी घोषणा की। इस दौरान दोनों नेताओं ने अपने विचार भी मीडिया के साथ साझा किये।

हम आपको बता दें कि यूक्रेन के 1991 में स्वतंत्र होने के बाद यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की देश की पहली यात्रा है और यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब यूक्रेन ने हाल ही में रूसी क्षेत्र में आक्रामक सैन्य अभियान चला रखा है। हम आपको याद दिला दें कि मोदी ने इसी साल जून में इटली के अपुलिया में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान जेलेंस्की से बातचीत की थी। बातचीत के दौरान मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति से कहा था कि भारत यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष में वह सबकुछ करेगा, जो वह कर सकता है। उन्होंने कहा था कि ह्यबातचीत और कूटनीतिह्ल के माध्यम से ही शांति लाई जा सकती है। उसी बैठक में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने प्रधानमंत्री मोदी को कीव आने का निमंत्रण दिया था।

दूसरी ओर, पोलैंड से करीब 10 घंटे की ट्रेन यात्रा के बाद हयात होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री पोलैंड से कीव तक ह्यरेल फोर्स वनह्ल ट्रेन से गए, जिसमें करीब 10 घंटे का समय लगा। कीव पहुँचने के तुरंत बाद मोदी ने यूक्रेन राष्ट्रीय संग्रहालय में शहीदों पर आधारित एक मल्टी-मीडिया प्रदर्शनी का मुआयना किया, जहां यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने गर्मजोशी से प्रधानमंत्री से हाथ मिलाया और उन्हें गले लगाया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि संघर्ष में जान गंवाने वाले बच्चों की याद में स्थापित मार्मिक प्रदर्शनी देखकर प्रधानमंत्री भावुक हो गए। मोदी ने इस पर शोक जताया और मारे गए बच्चों के सम्मान में उन्हें याद करते हुए एक खिलौना रखा। जेलेंस्की के साथ बातचीत से पहले मोदी ने कीव में ह्यओएसिस ऑफ पीसह्ल पार्क स्थित सत्य और अहिंसा के प्रतीक महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मोदी ने सौहार्दपूर्ण समाज के निर्माण में गांधी के शांति के संदेश की कालातीत प्रासंगिकता को रेखांकित किया और कहा कि उनके द्वारा दिखाया गया मार्ग वर्तमान वैश्विक चुनौतियों का समाधान प्रदान करता है।

इससे पहले, कीव पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी ने ह्यएक्सह्ल पर लिखा, ह्यह्यआज सुबह कीव पहुंचा। भारतीय समुदाय ने बहुत गर्मजोशी से स्वागत किया।ह्लह्ल इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने कुछ तस्वीरें भी साझा कीं, जिनमें वह भारतीय समुदाय के लोगों का अभिवादन और उनसे बातचीत करते दिखते हैं।

## पुत्र दीर्घायु को महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** भाद्रपद शुक्ल पक्ष मास की छठ को महिलायें पुत्र की दीर्घायु को हलषष्ठी निर्जला व्रत रहकर भगवान बलराम का जन्मोत्सव धूमधाम से पूजा-अर्चना कर मनाती हैं।

रविवार को भाद्रपद मास की हलषष्ठी के दिन महिलायें पुत्र की दीर्घायु को समूह बनाकर हलषष्ठी की पूजा श्रद्धा भाव से करती हैं। पुराणों-शास्त्रों अनुसार ममता उपाध्याय व अग्नि शिखा त्रिपाठी ने महिलाओं को कथा सुनायी। हलषष्ठी भगवान बलराम (हलधर) का जन्मोत्सव मनाने की परम्परा पुरातन काल से चली आ रही है। पुराणों के अनुसार द्वापर काल में शान्ति नाम की ग्वालिन गर्भवती होने के बाद गाय-भैंस का मिश्रित दही, दूध, मक्खन बेंचने को दूसरे


हलषष्ठी का व्रत करती महिलायें।

गांव जा रही थी। जंगल में प्रसव वेदना से तड़पते हुए झाड़ी की आड़ में बालक को जन्म दिया। बालक को छोड़कर पास के गांव में दही, दूध व मक्खन बेंचने चली गई। पास में किसान हल से खेत जोत रहा था। बैलों के भड़कने से हल नियंत्रित नहीं रहा।

नवजात शिशु के पेट में हल की कुशी घुस जाने से नवजात शिशु का पेट फट गया, उसकी मृत्यु हो गई। उसने भी हलषष्ठी का व्रत श्रद्धा भाव से किया। नवजात शिशु पुनः जीवित हो उठा। तभी से हलषष्ठी की पूजा की परंपरा चली आ रही है। कथा श्रवण दौरान ममता उपाध्याय, दीपशिखा त्रिपाठी, कविता पाण्डेय, रचना देवी, पूजा देवी, लता देवी, ज्योति देवी आदि महिलाओं ने श्रद्धा भाव से वैदिक विधि से पूजा-अर्चना किया।

## सूने घर से चोरों ने उडाया लाखों का माल

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ थाने के मवईकला हालमुकाम मैदाना रोड सरकारी ट्यूबवेल के बालमुकुन्द पाण्डेय पुत्र उमेशचन्द्र ने प्रभारी निरीक्षक को दी तहरीर में कहा कि 24 अगस्त को परिवार समेत हलछठ का पर्व मनाने गांव मवईकला गये थे। सवेरे मैदाना रोड़ वाले घर में आये तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। दरवाजा टूटा था। सारा सामान देखा तो पत्नी के सोने-चांदी के जेवर व 75 हजार रुपये नकद चोर चुरा ले गये। पीडित ने अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने में सूचना दी। पीडित ने कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## जन आक्रोश रैली के अगुवा संत को मिली धमकी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे जुल्म के खिलाफ संत समाज ने जन आक्रोश रैली निकाली थी। रैली की अगुवाई करने वाले कामदगिरि पीठम के संत डा मदनगोपाल दास को अज्ञात लोगों ने चालकों के माध्यम से धमकी दी है।

रविवार को कर्वी कोतवाली में दी तहरीर में वाहन चालक नीरज शर्मा व संजू बेड़ीपुलिया मार्ग दिव्यांग विश्वविद्यालय के पास पांच अज्ञात लोगों ने वाहन रोककर कहा कि महाराज को समझा लो, मुसलमानों की खिलाफत न करें। अन्यथा परिणाम गम्भीर होंगे। घटना बाबत


संत मदनगोपाल दास।

यूपी/एमपी के थानों में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ज्ञात है कि जन आक्रोश रैली दौरान मीडिया कर्मी ने पवित्र तीर्थ क्षेत्र में मांस-मदिरा बाबत ध्यान आकृष्ट कराया था। संत डॉ मदनगोपाल दास ने मुस्लिम समुदाय को तीर्थ क्षेत्र में मांस-मदिरा बंद करने को कहा था।

## सड़कों पर उतरे अन्ना जानवर से किसान परेशान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आवारा पशुओं की बढ़ती तादाद से ग्रामीण परेशान हैं। प्रशासन अन्ना पशुओं को गौशाला भेजने का दावा करता है। क्षेत्रवासियों ने कहा कि आवारा पशुओं में सबसे ज्यादा तादाद गायों की है। रविवार को क्षेत्रवासियों ने बताया कि गाय जब दूध देना बंद कर देती है तो लोग उन्हें जंगल या ग्रामीण क्षेत्रों में छोड़ देते हैं। आवारा पशु ग्रामीणों की फसल नष्ट करते हैं। किसानों को काफी क्षति पहुंच रही है। रात में आवारा घूमते पशु सड़क हादसे का कारण बन रहे हैं। पशुओं को आवारा छोड़ने से किसानों समेत स्थानीय लोगों में आक्रोश है। किसानों ने कहा कि पशुओं को आवारा छोड़ने वालों को पकड़ने के साथ उन पर कार्यवाही की जाये। गौशाला से छोड़े पशुओं को टैग करने को पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया जाये, ताकि किसानों की फसल नष्ट होने से बच सके।

## मृत व्यक्ति की हुई शिनाख्त

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सोनेपुर जिला अस्पताल में इलाज दौरान अज्ञात व्यक्ति की मौत मामले में मृतक शिवरामपुर के पास अचेत मिला था। पीआरवी 112 ने उसे अस्पताल पहुंचाया था। इलाज दौरान मृत्यु होने पर पहचान न होने से पुलिस ने शव मर्चरी में रखवाया था।

रविवार को मृतक की पहचान सोशल मीडिया के जरिये हुई। परिजनों ने बब्बू पुत्र रामआसरे नांदिन कुर्मियान राजापुर के रूप में पहचाना। परिजनों ने बताया कि बब्बू सीतापुर में किराये के कमरे में अकेले रहता था। परिजन मौत को संदिग्ध मानते हुए हत्या की आशंका जता रहे हैं। कर्वी कोतवाल उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सूचित किया है। परिजनों की जानकारी पर मामले की जांच जारी है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर स्थिति साफ होगी।

## दो वारंटी दबोचे

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने दो वारंटी दबोचे हैं। रविवार को पहाडी थाने के वरिष्ठ दरोगा मनीष कुमार, दरोगा परशुराम यादव, दरोगा जंगबहादुर ने सिपाही गुड्डू यादव के साथ एनडीपीएस एक्ट वारंटी मिथलेश कुमार पुत्र लल्लू चैरा को गिरफ्तार किया।इसी क्रम में राजापुर थाने के दरोगा रमेशचन्द्र त्रिपाठी ने सिपाही चन्दन विश्वकर्मा के साथ चोरी-माल बरामद के वारंटी राजन द्विवेदी पुत्र राजेन्द्र द्विवेदी सगवारा को गिरफ्तार किया।

## भेदमुक्त हिन्दू बनाना विहिप की चुनौती

### 60 वर्ष पूरे होने पर विहिप मनायेगा स्थापना दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विश्व हिन्दू परिषद के स्थापना दिवस पर 60 वर्ष पूरे होने पर विहिप के कानपुर प्रांत संयोजक आचार्य अजीत राज पालक अधिकारी ने कहा कि विहिप की ध्येय यात्रा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को 60 वर्ष पूरे हो रहे हैं।

रविवार को शहर के सत्संग भवन में पत्रकार वार्ता में विहिप के कानपुर प्रांत संयोजक आचार्य अजीत राज पालक अधिकारी ने कहा कि 24 अगस्त से एक सितंबर के बीच विहिप पूरे विश्व में स्थापना दिवस मना रहा है। कानपुर प्रांत के सभी जिलों के केंद्रो, मोहल्लों



पत्रकार वार्ता में मौजूद विहिप पदाधिकारी।

व गांवों में उत्सव मनाया जायेगा। भगवान श्रीकृष्ण के अवतार कालखंड में देश की स्थिति व परिषद की स्थापना के समय देश की स्थिति में पर्याप्त साम्य था। स्वामी चिन्मयानंद जी के आश्रम संदीपनी साधनालय पवई मुंबई में 1964 श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर देशभर के हिंदुओं की दशा-दिशा को संघ के द्वितीय सरसंघचालक पूज्य गुरु जी, केएम मुंशी, मास्टर तारा सिंह, कुशक बकुला, सुशील मुनि आदि की मौजूदगी में विहिप की स्थापना हुई थी। प्रयागराज के संगम तट पर महाकुंभ पर प्रथम विश्व हिंदू सम्मेलन हुआ था। हिंदू समाज ने वर्षों बाद सभी मत पंथों के पूज्य धर्माचार्यों को एक मंच पर किया। बिखरे हिंदू समाज में नई ऊर्जा का संचार हुआ। छुआछूत के विरोध में हिंदू हम सब एक भाव को पुष्ट किया।

प्रेस वार्ता में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल संत दिव्य जीवनदास, रामायणी कुटी के संत राम हृदय दास, केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल के संत मदन गोपाल दास, जगदगुरु रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी संत जय महाराज, गायत्री मंदिर व्यवस्थापक रामनारायण, प्रांत संयोजक अजीत राज, प्रांत धाम यात्रा प्रमुख छेदीलाल, प्रांत से धर्माचार्य संपर्क प्रमुख राकेश, विभाग संगठन मंत्री अतुल, जिलाध्यक्ष राजेंद्र, जिला मंत्री नीरज केसरवानी मौजूद रहे।


परीक्षा का जायजा लेते कमिश्नर-डीआईजी आदि।

## कमिश्नर-डीआईजी ने कंट्रोल रूम में देखे फुटेज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूटधाम मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी व डीआईजी अजय कुमार सिंह ने डीएम शिवशरणप्पा जीएन व एसपी अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में जिले में जारी पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने को प्रथम पाली परीक्षा दौरान परीक्षा केन्द्र चित्रकूट इंटर कॉलेज का निरीक्षक कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। ड्यूटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारी को सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिये।

कमिश्नर-डीआईजी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम देखा। कंट्रोल रूम से जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों में चल रही परीक्षा के लाइव फुटेज देखे। निगरानी को लगी टीम को सतर्क रहने के निर्देश दिये। भ्रमण दौरान एडीएम उमेशचन्द्र निगम, सीओ सिटी राजकमल, पुलिस केन्द्र प्रभारी/पीआरओ प्रदीप कुमार पाल आदि मौजूद रहे।

## परीक्षा केन्द्रों का एसपी-एडीएम ने लिया जायजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जिले में जारी पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने को प्रथम पाली परीक्षा दौरान परीक्षा केन्द्र जगदगुरु रामभद्राचार्य राजकीय दिव्यांग विश्वविद्यालय, सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इंटर कॉलेज सीतापुर, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेडीपुलिया, गंगा प्रसाद इंटर कॉलेज, चित्रकूट इंटर कॉलेज व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज का निरीक्षक कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। ड्यूटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारी को सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिये। भ्रमण दौरान एडीएम उमेशचन्द्र निगम, सीओ सिटी राजकमल, पुलिस केन्द्र प्रभारी/पीआरओ प्रदीप कुमार पाल आदि मौजूद रहे।

## बोगन बेलिया से सुशोभित होगा कामतानाथ पर्वत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत 126वें अभियान में डंडा सरकार से सुरगौ तक स्वच्छता अभियान चलाया। तृतीय मुखारविंद से बिरजा कुंड तक बोगन बेलिया के पौधे लगाये। आगामी समय में बोगन बेलिया से कामतानाथ पर्वत फूलों से सुशोभित होगा।

रविवार को ईओ लालजी यादव ने कहा कि बोगन बेलिया पौधे लगने से कामतानाथ पर्वत में खूबसूरती आ जायेगी। लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनेगा। स्वच्छता का हमेशा ध्यान रखने से भारत महान बनेगा। ब्रांड एम्बेसडर नगर पालिका


बोगन बेलिया लगाते समिति के लोग।

राकेश केसरवानी ने कहा कि सफाई का मतलब स्वच्छता जीवन को प्रभावित करती है। वर्तमान में लोगों को स्वच्छता के प्रति आगे आना चाहिए। स्वच्छ व साफ रहकर देश को विकास की ओर ले जा सकेंगे। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि स्वच्छता से देश की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। जीवन अनेक तरह की बीमारियों से मुक्त रहेगा। जिला प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन शिवा कुमार ने कहा कि स्वच्छता का ध्यान रखने से लोगों में जागरूकता आयेगी। अभियान में राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केसरवानी, रसूल बख्श, वन विभाग से विनोद कुमार, जानकी कुशवाहा आदि ने सहयोग किया।


पुलिस गिरफ्त में दुष्कर्म आरोपी।

## नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह की टीम ने नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी को गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि 23 अगस्त को भरतकूप थाना क्षेत्र के वादी ने सूचना दी कि मोनू पुत्र रामशरण ने बहन के साथ घर में ले जाकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने उचित धाराओं में मामला दर्जकर मोनू को गिरफ्तार किया। टीम में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह, सिपाही सतीश यादव व चालक संदीप यादव शामिल रहे।

## कालूपुर में हुई चोरी में शामिल चोर माल समेत दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी राजकमल की देखरेख में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में पुलिस ने एक चोर को चोरी के मोबाइल व 21 सौ रुपये समेत दबोचा है।

ज्ञात है कि 25 जून 2024 को वादी मोहम्मद सईम पुत्र मोहम्मद हकीम कालूपुर ने सूचना दी कि 10/11 अप्रैल 2024 को रात 12 बजे अज्ञात चोरों ने घर में रखे सोने-चांदी के जेवर व मोबाइल फोन आदि चुरा ले गये थे। पुलिस अधीक्षक ने घटना का संज्ञान लेकर प्रभारी एसओजी एमपी त्रिपाठी व कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह को खुलासे के निर्देश दिये थे। एसओजी/सर्विलांस टीम व कोतवाली कर्वी में तैना दरोगा अनिल कुमार मिश्रा की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर 24 जुलाई 2024 की रात नौ बजे बघौड़ा तालाब से


पुलिस गिरफ्त में चोर।

गांव जाने वाली रोड से शिवबली पुत्र राज कुमार मनकुंवार को गिरफ्तार किया था। शिवबली ने पूंछताछ में बताया कि कालूपुर पाही में उसके साथ कन्हैया उर्फ बबलू सरोज पुत्र नारायण दौलतपुर मनकुंवार थाना मऊ शामिल था। पुलिस टीम ने रविवार को उसे गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का मोबाइल व 21 सौ रुपये बरामद किये। टीम में दरोगा अनिल मिश्रा व सिपाही विकास यादव शामिल रहे।

## एलआईयू ने जांची सुरक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में एलआईयू दरोगा शिवसागर तिवारी की अगुवाई में डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू की संयुक्त टीम ने पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने को सुरक्षा के मद्देनजर छह परीक्षा केंद्रों की जांच की। परीक्षा केन्द्र सीआईसी, जीजीआईसी, गंगा प्रसाद इंटर कालेज, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेड़ीपुलिया, जगद्गुरु दिव्यांग राज्य महाविद्यालय सीतापुर, सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इंटर कालेज सीतापुर का भ्रमण कर जांच की।

## 850 ग्राम गांजा समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में चैकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी की टीम ने कोचिल पुत्र गणेश सकरौंहा मानिकपुर को 850 ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ कोतवाली कर्वी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी, सिपाही श्यामू व नरेन्द्र शामिल रहे।

## किसान के घर में अज्ञात कारणों से लगी आग

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के नागर गांव में गरीब किसान राजबहादुर गुप्ता पुत्र लक्ष्मी के सूने घर में रविवार को अपरान्ह दो बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। आनन-फानन में ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। पीडित किसान ने बताया कि घर में आग लगने पर वह खेतों में था। आग लगने के कारण अज्ञात बताये। आग से गरीब किसान को खासी क्षति पहुंची है। प्रशासन से पीडित ने मदद की गुहार लगाई है।

# इजरायली जासूसों का कमाल, पहले ही पता चल गया हिजबुल्लाह के हमले का प्लान



**तेल अवीवः इजरायल** और लेबनान के चरमपंथी समूह हिजबुल्लाह के बीच रविवार सुबह भीषण जंग शुरू हो गई। हिजबुल्लाह ने रविवार सुबह इजरायल के ऊपर सैकड़ों रॉकेट से हमला किया, जिसके बाद इजरायल ने अपने 100 फाइटर जेट को आसमान में उतार दिया। हिजबुल्लाह ने कहा है कि उसने बेरूत में जुलाई के आखिर में अपने कमांडर फौद शुकर की हत्या का बदला लेने के लिए इजरायल पर हमला किया है। यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली खुफिया एजेंसियों को पता चल गया था तेल अवीव और मध्य इजरायल क्षेत्रों में हिजबुल्लाह वर्तमान युद्ध का सबसे बड़ा हमला करने वाला था। इसके बाद आईडीएफ ने सुबह 5 बजे के करीब हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमला किया, जहां चरमपंथी समूह ने हमले की तैयारी कर रखी थी।

हिजबुल्लाह ने दागे सैकड़ों रॉकेट

रविवार सुबह हिजबुल्लाह ने दावा किया कि उसने उत्तरी इजरायल में करीब 320 रॉकेट दागे, जिसमें साफेद और एकर जैसे इलाके और 11 सैन्य अड्डे शामिल हैं। हिजबुल्लाह ने कहा कि उसने इजरायल के अंदर अपने वांछित लक्ष्यों की ओर ड्रोन का रास्ता आसान बनाने के लिए सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। चरमपंथी समूह ने दावा किया कि ड्रोन योजना के अनुसार गुजरे। वहीं, आईडीएफ ने ऐसा संकेत दिया है कि हिजबुल्लाह की सफलता और हमलों की मात्रा उसके दावे से कम थी। हालांकि, उसने इस बारे में विस्तृत जानकारी देने से इनकार कर दिया और कहा कि ऐसा करने से हिजबुल्लाह को जल्दी खुद को तैयार करने का मौका मिलेगा।

हिजबुल्लाह का हमला किया नाकाम

इजरायली सेना ने कहा कि उसने हिजबुल्लाह के कई हमलों को सफलतापूर्वक विफल कर दिया है। हालांकि, उसने कोई संख्या नहीं बताई है। हिजबुल्लाह ने कहा है कि उसने समूह के शीर्ष कमांडर की हत्या का बदला लिया है। ईश्वर की कृपा से पहला चरण पूरी तरह से सफलतापूर्वक पूरा हुआ है। इस चरण में इजरायली बैरकों और साइटों को निशाना बनाना शामिल था, ताकि हमलावर ड्रोनों को इजरायल के भीतर उनके इच्छित गंत्वय की ओर जाने में सुविधा हो। अल्लाह के करम से ड्रोन योजना के अनुसार गुजरे।

इजरायल में नए दिशा निर्देश

चरमपंथी समूह ने कहा कि दुश्मन के ठिकानों पर दागे गए।

# पाकिस्तानी एयरस्पेस में 46 मिनट तक क्या कर रहा था पीएम मोदी का विमान?



**इस्लामाबादः भारत** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल किया था। पाकिस्तानी मीडिया आउटलेट जियो न्यूज ने उड्डयन विभाग के सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है। पाकिस्तान नागरिक उड्डयन विभाग (ढउअअ) से जुड़े सूत्रों ने जियो न्यूज को बताया कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर पोलैंड से नई दिल्ली जा रहा विमान पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र से होकर गुजरा था। सूत्रों ने बताया कि भारतीय प्रधानमंत्री का विमान चितराल के रास्ते पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में दाखिल हुआऔर इस्लामाबाद और लाहौर के ऊपर से गुजरा।

पाकिस्तानी एयरस्पेस में 46 मिनट

पीएम मोदी के विमान ने सुबह 10 बजकर 15 मिनट पर पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया। यह 46 मिनट तक पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में रहा और 11:01 बजे बाहर चला गया। सूत्रों का कहना है कि भारत के अमृतसर हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले इस्लामाबाद और लाहौर के हवाई नियंत्रण क्षेत्रों से गुजरा।

पीएम मोदी ने नहीं दिया सद्भावना संदेश

पाकिस्तान के प्रमुख अखबार डॉन ने अपनी रिपोर्ट में लिखा, भारत के प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र से गुजरने के दौरान सद्भावना संदेश देने की परंपरा नहीं निभाई, जिसने दोनों देशों के बीच तनाव की चर्चा को जन्म दिया है। डॉन ने एविएशन इंडस्ट्री के एक सूत्र के हवाले से बताया कि संद्भावना संदेश देना एक परंपरा है, न कि कोई मजबूरी। इसके अलावा नरेंद्र मोदी को इसके चलते भारत में आलोचकों से परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

पीएम मोदी की यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात पर क्या बोले फॉरेन एक्सपर्ट?

पीएम मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर से मुलाकात के लिए कीव जाते समय पोलैंड की राजधानी वारसॉ का दौरा किया था। युद्ध के चलते हवाई मार्ग से जाने के बजाय पोलैंड के वारसॉ गए, जहां से ट्रेन के जरिए कीव पहुंचे। पीएम मोदी यूक्रेन की राजधानी में सात घंटे रहे थे।

# भारत के बायकॉट का असर नहीं! मालदीव पहुंचे रिकॉर्ड पर्यटक, जानें कितना पहुंचा आंकड़ा

**मालेः मालदीव** पर भारतीयों के बायकॉट का कोई बड़ा असर पड़ते दिखाई नहीं दे रहा। इस द्वीपीय देश में पर्यटकों की आवाजाही पहले के जैसे ही जारी है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष अब तक 1.3 मिलियन से अधिक पर्यटक मालदीव आ चुके हैं। पर्यटन मंत्रालय ने खुलासा किया कि सोमवार तक 1,304,235 पर्यटक मालदीव आए हैं। पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान यह संख्या 1.2 मिलियन थी। यानी, पिछले साल के मुकाबले 1 लाख ज्यादा पर्यटक मालदीव पहुंचे हैं। इनमें से सबसे ज्यादा पर्यटक चीन से आए हैं, इसके बाद रूस और यूनाइटेड किंगडम का स्थान रहा है।

जुलाई तक कितने भारतीय मालदीव पहुंचे

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, भारत पिछले तीन साल से मालदीव के लिए पर्यटकों का सबसे बड़ा स्त्रोत रहा है, लेकिन अब वह छठे स्थान पर पहुंच गया है। अगस्त तक कुल 77,326 भारतीय पर्यटक आए हैं। वहीं, 2023 में, 209,198 भारतीय पर्यटक मालदीव आए।

# 'कमांडर की हत्या का बदला', हिजबुल्लाह का इजरायल पर भीषण पलटवार

**तेल अवीवः लेबनान के** आतंकी समूह हिजबुल्लाह ने इजरायल पर बड़ा ड्रोन और रॉकेट हमला किया है। इससे कुछ देर पहले इजरायल ने हिजबुल्लाह को निशाना बनाते हुए लेबनान में कई इलाकों पर अटैक किया था। इजरायल पर हमले के बाद लेबनानी आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह ने कहा कि उसने बेरूत में मारे गए अपने कमांडर फुआद शुकर की हत्या का बदला लिया है। हिजबुल्लाह ने कहा कि इस हमले में इजरायली सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया है। हमले कहां हुए हैं इसकी घोषणा बाद में की जाएगी। हिजबुल्लाह ने कहा कि वह इजरायली सेना के बैरकों और आयरन डोम को टार्गेट कर रहा है।

हिजबुल्लाह कहा कि हमला पिछले महीने बेरूत के दक्षिणी इलाके में मारे गए टॉप कमांडर फुआद शुकर की हत्या का बदला लेने का पहला चरण है। इजरायल की सेना का कहना है कि पिछले एक घंटे में हिजबुल्लाह ने इजरायल की ओर 150 से ज्यादा ड्रोन और रॉकेट लॉन्च किए है। इनमें से ज्यादातर इजरायल के उत्तर की ओर टार्गेट किए गए। इजरायली रक्षा बल (क्ळ्क्ष) ने कहा कि उन्हें हमले को लेकर खुफिया जानकारी मिली थी, जिसके बाद इजरायल ने हिजबुल्लाह के हमलों को रोकने के लिए पहले ही लेबनान में एयर स्ट्राइक की।

हमले के बारे में जानता था इजरायल

एक बयान में इजरायली सेना ने आरोप लगाया कि रविवार की सुबह हिजबुल्लाह इजरायली क्षेत्र की ओर मिसाइल और रॉकेट से हमले की तैयारी कर रहा है।



इजरायली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने कहा, 'इन खतरों को दूर करने के लिए एक आत्मरक्षा की कार्रवाई की गई, जिसमें लेबनान में आतंकी ठिकानों पर हमला किया गया। इन ठिकानों से हिजबुल्लाह इजरायली नागरिकों पर हमले शुरू करने की योजना बना रहा था।' उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा था कि जल्द ही रॉकेट और संभवतः मिसाइल और ड्रोन हमला इजरायल पर होगा।

इजरायल में बजने लगे सायरन

क्ळ्क्ष की ओर से चेतावनी के तुरंत बाद उत्तरी इजरायल में सायरन बजने लगे। तेल अवीव के करीब इजरायल के बेन बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने आने वाली सभी उड़ानों को डायवर्ट करना शुरू कर दिया। वहीं उड़ान भरने वाली सभी फ्लाइट्स देरी से उड़ने लगीं। सोशल मीडिया फुटेज में दक्षिणी लेबनान में हमलों के दृश्य दिखाए गए। इजरायल ने लेबनान पर हमले से पहले लोगों को चेतावनी दी थी। इजरायल ने कहा था कि लोग उन इलाकों को छोड़ दें जहां पर हिजबुल्लाह के ठिकाने हैं। इन्हें खाली कर दूर चले जाएं।

# अमेरिका द्वारा उत्पन्न किसी भी परमाणु खतरे से निपटने के लिए उत्तर कोरिया तैयार : विदेश मंत्रालय

**सियोल। उत्तर** कोरिया ने शनिवार को अमेरिका की परमाणु नीति की आलोचना करते हुए कहा कि वह अमेरिका द्वारा उत्पन्न किसी भी प्रकार के परमाणु खतरे का मजबूती से सामना करेगा।

उत्तर कोरिया ने अमेर?का की परमाणु नीति की निंदा करते हुए कहा है कि संयुक्त राज्य अमेरिका एकतरफा परमाणु बढ़त हासिल करने की कोशिश कर रहा है और अन्य देशों को 'परमाणु खतरे' के रूप में पेश कर रहा है। यह जानकारी समाचार एजेंसी शा?न्हुआ ने कोरियन सेंट्रल समाचार एजेंसी के हवाले से दी है। इसमें उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता द्वारा जारी प्रेस बयान का हवाला दिया गया है।

बयान में कहा गया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका के परमाणु रुख में बदलाव से "वैश्विक परमाणु संतुलन, सुरक्षा वातावरण और परमाणु निरस्त्रीकरण प्रणाली पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।" संयुक्त राज्य अमेरिका के पास वर्तमान में विश्व का सबसे बड़ा परमाणु शस्त्रागार है।



बयान में कहा गया कि अमेरिका ने दक्षिण कोरिया और जापान सहित एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अपने सहयोगियों के साथ मिलकर "एक परमाणु-आधारित सैन्य ब्लॉक" बनाया है।

बयान में अमेरि?का को परमाणु हथियारों की होड़ शुरू करने वाला और दुनिया भर में परमाणु संघर्ष की संभावना बढ़ाने वाला सबसे गैर-जिम्मेदार राज्य कहा गया है।

इसमें कहा गया है कि उत्तर कोरिया अपनी ताकत को बढ़ाएगा तथा किसी भी परमाणु खतरे का मजबूती से मुकाबला करेगा।

# बांग्लादेश में फेल रही भारत की विदेश नीति... बीएनपी नेता ने उगला जहर, कहा- संबंधों में सुधार नहीं आसान



**ढाकाः बांग्लादेश** में आंतरिक कलह देखा गया है। आरक्षण विरोधी प्रदर्शन ने शेख हसीना की सरकार को गिरा दिया। इस कारण बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को इस्तीफा देकर भारत आना पड़ा। इस बीच बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (इठढ) के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि बांग्लादेश के प्रति भारत की आधिकारिक नीति पूरी तरह से फेल रही है। उनके मुताबिक नीति को बनाने में शक्तिशाली सिविल सेवक, सेवानिवृत्त राजनयिक, विचारक और पत्रकार शामिल थे, जिन्होंने जमीन पर राजनीतिक नब्ज को महसूस किए बिना सुरक्षा को प्राथमिकता दी।

द हिंदू की रिपोर्ट के मुताबिक बीएनपी के विदेशी मामलों के सेल के प्रमुख अमीर खसरू महमूद चौधरी ने भारत से बांग्लादेश में प्रचलित लोकप्रिय भावनाओं की सराहना करने का आग्रह किया। उन्होंने तर्क दिया कि बांग्लादेश में पिछले दशक में सभी तीन चुनाव धोखधड़ी वाले थे, जहां भारत ने एक समर्थक की भूमिका निभाई। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर यही प्रवृत्ति जारी रही तो भारत-बांग्लादेश संबंधों को ठीक होने में कई साल लग जाएंगे।

भारत के खिलाफ उगला जहर

उन्होंने भारत के खिलाफ जहर उगलते हुए कहा, 'बांग्लादेश के मामले में इस इकोसिस्टम ने एक कहानी बनाई कि अगर शेख हसीना सत्ता में नहीं रहीं तो बांग्लादेश कट्टरपंथियों के हाथ में चला जाएगा। अगर हसीना नहीं होती तो भारत की सुरक्षा खतरे में पड़ जाती। भारत को इस मानसिकता से बाहर आना होगा।

साउथ ब्लॉक को जागना चाहिए।' उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में जो हिंसा हुई है उसे टाला जा सकता था अगर इस साल जनवरी में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हुए होते। उन्होंने इस चुनाव को धोखाधड़ी बताते हुए इस बात पर निराशा व्यक्त की कि भारत ने इसे मान्यता दी।

बांग्लादेश सरकार ने तो हद कर दी,अब बाढ़ के लिए भी भारत जिम्मेदार?

निष्पक्ष चुनाव की होती रही मांग

साल 2009 में बीएनपी शेख हसीना से हार गई थी। एक कार्यवाहक सरकार के तहत बीएनपी चुनाव की मांग कर रही है।

# वॉर्निंग के बाद कर दी 40 एयर स्ट्राइक, हिल गया दुश्मन हिजबुल्लाह

**तेल अवीवः इजरायल** ने हिजबुल्लाह के हमले की आशंका जताने के बाद लेबनान में हमला बोल दिया है। लेबनानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दक्षिणी लेबनान में 40 हमले हुए हैं। हमला तब किया गया जब इजरायली रक्षा बलों के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने कहा था कि इजरायल पर हिजबुल्लाह हमले की तैयारी कर रहा है। इसके बाद शिया मिलिशिया हिजबुल्ला के ठिकानों को निशाना बनाकर रविवार तड़के लेबनान में इजरायल ने हवाई हमले किए। इजरायली सेना ने यह जानकारी दी। इजरायली सेना ने एक बयान जारी कर हिजबुल्ला पर ह्यइजरायली क्षेत्र की ओर मिसाइल और रॉकेट दागने की तैयारी करनेह्व का आरोप लगाया। हिजबुल्लाह ने भी पलटवार किया है।

इजरायली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने कहा, ह्यइन खतरों से बचने के लिए आत्मरक्षा में (इजरायली सेना द्वारा) लेबनान में उन आतंककवादी ठिकानों पर हमला किया जा रहा है, जहां से हिजबुल्ला इजरायल के आम नागरिकों पर हमले करने की साजिश रच रहा था।ह्व हगारी ने सचेत किया कि हिजबुल्ला इजरायल में ह्यजल्द ही रॉकेट और संभवतः मिसाइलह्व एवं ड्रोन दागेगा। इसके तुरंत बाद ही उत्तरी इजरायल में सायरन बजने लगे।

विमानों का रास्ता बदला गया

लेबनानी मीडिया ने देश के दक्षिणी भाग में हमलों की खबर दी, लेकिन इनके बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी।

# शेख हसीना ने मुझे देश छोड़ने को मजबूर किया

**ढाकाः बांग्लादेश** के पहले हिंदू चीफ जस्टिस सुरेंद्र कुमार सिन्हा ने शेख हसीना पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि लगभग सात साल पहले एक मुख्य न्यायाधीश के रूप में देश छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था। जस्टिस सुरेंद्र कुमार सिन्हा ने यह भी कहा कि अगर सरकार उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करती है तो वह बांग्लादेश लौटने और यह साबित करने के लिए तैयार हैं कि उनके खिलाफ दायर सभी मामले पूरी तरह से झूठे और मनगढ़ंत हैं। जस्टिस सिन्हा के खिलाफ बांग्लादेश में कई मामले दर्ज हैं, जिसके बाद से वह स्व निर्वासन की जिंदगी जी रहे हैं।

शेख हसीना पर लगाए गंभीर आरोप

डेली स्टार को दिए इंटरव्यू में जस्टिस सुरेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा, "मैं बांग्लादेश वापस जाऊंगा।

मैं अब हरी झंडी का इंतजार कर रहा हूं।" एसके सिन्हा के नाम से मशहूर जस्टिस सिन्हा ने बताया कि कैसे तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना ने उन पर बहुत दबाव डाला और उन्हें DGFI कर्मियों के जरिए देश छोड़ने के लिए मजबूर किया।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# रॉकेट, मिसाइल, ड्रोन... हिजबुल्लाह के पास है हथियारों का जखीरा, नाम सुनकर घबराता है इजरायल, जंग में किसकी होगी जीत

**बेरूतः इजरायल** और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष चल रहा है। इजरायल ने हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमला बोला है। जिसके बाद हिजबुल्लाह ने भी पलटवार किया है। हिजबुल्लाह ने लगभग 150 ड्रोन और रॉकेट से हमले किए हैं। हिजबुल्लाह ने कहा कि उसने पिछले महीने मारे गए कमांडर फुआद शुकर की हत्या का बदला लिया है। इजरायल ने पहले ही चेतावनी दी थी कि हिजबुल्लाह उस पर हमला कर सकता है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या हिजबुल्लाह के पास इतनी ताकत है कि वह इजरायल से भिड़ सके। आइए समझें। हिजबुल्लाह की स्थापना 1982 में लेबनान के गृहयुद्ध के बीच हुई थी, जो 1975 से 1990 तक चला था। हिजबुल्लाह के जन्म के पीछे ईरान है जो 1979 में इस्लामी क्रांति को निर्यात कर रहा था, ताकि इजरायल का मुकाबला किया जा सके। हिजबुल्लाह पर 1983 में अमेरिकी नौसेनिकों की बैरक पर बमबारी सहित विदेशी ठिकानों पर लगातार हमले करने का आरोप है। ईरान की ओर से इसे पूरा समर्थन मिला हुआ है। ईरान इसे हथियारों के साथ ट्रेनिंग देता है। लेबनान के अंदर इसका बड़ा प्रभाव है। अमेरिका समेत कई पश्चिमी सरकारें इसे एक आतंकी संगठन मानती हैं। लेबनान में इसके सदस्य सरकार का हिस्सा है और संसद में इसके दर्जनों सांसद हैं।



कितना ताकतवर है हिजबुल्लाह

इजरायल के पास हिजबुल्लाह से कहीं बेहतर सेना है। वहीं हिजबुल्लाह के पास 500 किमी तक मारक क्षमता वाली मिसाइलें हैं। हिजबुल्लाह दुनिया में सबसे घातक हथियारों से लैस गैर-सरकारी संगठन है। हिजबुल्लाह के पास सटीक हमला करने वाले रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन हैं। उसके पास ऐसे हथियार हैं जो इजरायल के किसी भी हिस्से पर हमला कर सकता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक इसके पास रॉकेट का विशाल भंडार है, जिसमें 1 लाख से डेढ़ लाख हथियार हैं। हिजबुल्लाह को हथियार और धन ईरान से मिलता है। हिजबुल्लाह के पास करार और शहीद समेत कुल 5 तरह के ड्रोन हैं। इसका सबसे घातक ड्रोन 2000 किमी तक जा सकता है।

हिजबुल्लाह ने दिखाया 'मिसाइलों का शहर' तो एक?शन में इजरायल, देखें ईरान तक तबाही की ताकत

कितनी बड़ी है हिजबुल्लाह की फौज

हिजबुल्लाह के पास पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम है और जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल है। 2021 में हिजबुल्लाह के नेता हसन नसरल्लाह ने कहा था कि उसके पास 1 लाख लड़ाकों की फौज है।

इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज थिंकटैंक ने 2022 में अनुमान लगाया था कि हिजबुल्लाह के 20 हजार एक्टिव और 30 हजार रिजर्व कर्मी हो सकते हैं। इजरायल की बात करें तो उठठ की रिपोर्ट के मुताबिक उसके पास 126000 एक्टिव सैनिक हैं। 34000 एयरफोर्स और 9500 नेवी के सैनिक हैं। इजरायल के पास 465000 रिजर्व सैनिक हैं।